वर्ष 24, अंक 293, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 30 अप्रैल 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पड़ोसी देश होने के नाते...

### भारत-पाक तनाव के बीच चीन के बयान ने मचाया तहलका



**नई दिल्ली**

**गुओ ने** कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों का पड़ोसी होने के नाते चीन को उम्मीद है कि दोनों देश संयम बरतेंगे एवं एक ही दिशा में काम करेंगे, प्रासंगिक मतभेदों को बातचीत के माध्यम से उचित तरीके से सुलझाएंगे तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाये रखेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही दक्षिण एशिया के महत्वपूर्ण देश हैं तथा इन दोनों देशों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व क्षेत्र की शांति और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

भारत पाकिस्तान के बीच टेंशन वाले माहौल के बीच चीन का बड़ा बयान सामने आया है। चीन ने आतंकी हमले की निंदा की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बयान जारी करते हुए कहा है कि चीन ने भारत पाकिस्तान से संयम की अपील की है। पड़ोसी देश होने के नाते दोनों देश संयम बरतेंगे। चीन ने संवाद से मसले को सुलझाने पर जोर दिया। इसके साथ ही चीन ने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता को संयुक्त तौर से बनाए रखा जाए। 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और यह 2000 के बाद से ये सबसे घातक सशस्त्र हमलों में से एक था। चीन ने अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान को उसकी संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा करने में सहयोग दिया। विदेश मंत्री वांग यी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद से संयम बरतने का आह्वान किया।

गुओ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों का पड़ोसी होने के नाते चीन को उम्मीद है कि दोनों देश संयम बरतेंगे एवं एक ही दिशा में काम करेंगे।

## आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प- पीएम मोदी

# हाई लेवल मीटिंग के बाद पीएम मोदी ने सेना को दी पूरी छूट

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बैठक में कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बताया जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए सभी शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद एक अधिकारी ने बताया कि उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बैठक में कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास और भरोसा जताया। यह ऐसे समय में हुआ है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। इस बीच, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, मामले से परिचित सूत्रों ने एएनआई को बताया। सूत्रों के अनुसार, चल रहे अभियानों की संवेदनशील प्रकृति के कारण इस स्तर पर कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है।



सोमवार को, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की। दूसरी ओर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों और दो अन्य सुरक्षा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण माहौल के बीच आयोजित की गई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर सैलानी थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक ब्रिघु श्रीनिवासन और असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा शामिल हुए।

## पाकिस्तान के 4 टुकड़े होना तय - डीजीपी

### PoK पर क्लेम करने का इससे अच्छा समय नहीं

**जम्मू कश्मीर**

**पहलगाम** आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है. इसी को लेकर जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य का बड़ा बयान आया है. उन्होंने कहा कि को क्लेम करने का आज जो समय है इससे बढ़िया समय नहीं हो सकता है.एसपी वैद्य ने कहा कि पीओके को वापस लेने का हमारी संसद का संकल्प भी है. आज जिस तरह



पाकिस्तान में अंदर के हालात हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि पाकिस्तान का टूटना तय है. पाकिस्तानी आर्मी की इतनी बुरी हालत है कि वो बलूचिस्तान में निकल ही नहीं सकते. उन्होंने आगे कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के लगभग 60 प्रतिशत इलाके से पुलिस और आर्मी भाग गई है, ये हालत पाकिस्तान खुद मान रहा है. 'तानाशाही से वहां के लोग तंग आ गए हैं'

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी ने बताया कि सिंध ने बलूच लिबरेशन आर्मी के साथ टाईअप कर लिया है।

## सुप्रीम कोर्ट का वक्फ अधिनियम से जुड़ी नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली। सुप्रीम** कोर्ट ने वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने से मंगलवार को साफ इनकार कर दिया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पहले ही पांच याचिकाओं पर सुनवाई का आदेश दिया जा चुका है और अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि ज्यादातर याचिकाएं एक-दूसरे से मिलती-जुलती हैं और कुछ तो पूरी तरह कॉपी की गई हैं। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि अगर उनके पास कोई नया या अतिरिक्त आधार है, तो वे इस मामले में अलग से इंटरवेंशन एप्लिकेशन दाखिल कर सकते हैं।

सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने स्पष्ट कहा, "हम इस मामले में अब और याचिकाएं नहीं सुनना चाहते।"

इसके साथ ही कोर्ट ने नई याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में कई प्रमुख संगठनों और व्यक्तियों के नाम शामिल थे। इनमें कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), मुस्लिम एडवोकेट्स एसोसिएशन और ऑल रिलीजियस इफिनिटी मूवमेंट जैसी संस्थाएं शामिल थीं।

## कश्मीरियों के दिलों में पाकिस्तान के लिए कोई हमदर्दी नहीं... गुलाम नबी आजाद



**नई दिल्ली**

गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कश्मीरियों के दिलों में पाकिस्तान के लिए कोई हमदर्दी नहीं है। इससे पहले गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी। पहलगाम आतंकी हमले पर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पहले लोग सिर्फ. तभी सड़कों पर उतरते थे जब विरोध प्रदर्शन नेताओं द्वारा प्रायोजित होते थे। मैंने पहली बार लोगों को पहल करते और सड़कों पर उतरते देखा। उन्होंने कहा कि लोगों ने धार्मिक स्थलों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की। मैंने पहली बार कश्मीर में मुसलमानों के बीच इतना आतंकवाद विरोधी माहौल देखा है। अगर मीडिया ने विरोध प्रदर्शनों को ठीक से कवर किया होता तो पाकिस्तान को अच्छा जवाब मिलता।

गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कश्मीरियों के दिलों में पाकिस्तान के लिए कोई हमदर्दी नहीं है।

## पहलगाम आतंकी हमला, गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक, जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान

**श्रीनगर**

**सूत्रों** के हवाले से बताया कि जवाब में जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, चल रहे अभियान की संवेदनशीलता के कारण इस समय कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है।

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक चल रही है। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशकों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों समेत कई उच्च पदस्थ अधिकारी मौजूद थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी।



समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जवाब में जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, चल रहे अभियान की संवेदनशीलता के कारण इस समय कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की छापेमारी इससे पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डोडा जिले में 13 जगहों पर छापेमारी की थी।

श्रीनगर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की जांच को आगे बढ़ाते हुए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और आतंकवादी सहयोगियों के आवासों पर शहर भर में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार, श्रीनगर पुलिस ने 63 व्यक्तियों के आवासों पर तलाशी ली। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अधिकारियों की देखरेख में कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में उचित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार तलाशी ली गई। देश की सुरक्षा के खिलाफ किसी भी साजिश या आतंकवादी गतिविधि का पता लगाने और उसे रोकने के लिए साक्ष्य संग्रह और खुफिया जानकारी जुटाने के उद्देश्य से हथियार, दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस आदि जब्त करने के लिए तलाशी ली गई।

## ये मणिपुर, कश्मीर या कुंभ मेला नहीं,

### तमिलनाडु की कानून व्यवस्था को लेकर खुद अपनी पीठ थपथपाते नजर आए स्टालिन

**तमिलनाडु**

**मुख्यमंत्री** ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में शांति है, क्योंकि पुलिस विभाग मेरे अधीन है। जब राज्य में शांति होगी, तभी काम आगे बढ़ेगा, उद्योग फलेंगे-फूलेंगे, शिक्षा बढ़ेगी, महिलाएं और बच्चे आगे बढ़ेंगे, खेल विकसित होंगे, आयात-निर्यात बढ़ेगा, पर्यटन फलेगा-फूलेगा। तमिलनाडु में शांति का कारण मेरा पुलिस विभाग है।



तमिलनाडु विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कानून और व्यवस्था पर अपनी सरकार के रिकॉर्ड का दृढ़ता से बचाव करते हुए घोषणा की कि राज्य में शांति द्रविड़ सरकार के मॉडल के तहत मजबूत पुलिसिंग का परिणाम है। सदन में बोलते हुए स्टालिन ने कहा कि उनके नेतृत्व में काम करने वाले पुलिस बल के लगातार प्रयासों के कारण तमिलनाडु एक धर्मनिरपेक्ष और शांतिपूर्ण राज्य बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में शांति है, क्योंकि पुलिस विभाग मेरे अधीन है। जब राज्य में शांति होगी, तभी काम आगे बढ़ेगा, उद्योग फलेंगे-फूलेंगे, शिक्षा बढ़ेगी, महिलाएं और बच्चे आगे बढ़ेंगे, खेल विकसित होंगे, आयात-निर्यात बढ़ेगा, पर्यटन फलेगा-फूलेगा। तमिलनाडु में शांति का कारण मेरा पुलिस विभाग है। मैं, आप और तमिलनाडु के लोग इस उपलब्धि के लिए पुलिस बल के सभी लोगों के हमेशा आभारी हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक सौहार्द को बिगाड़ने के छिटपुट प्रयासों के बावजूद, राज्य के लोगों ने इस तरह के उकसावे का सफलतापूर्वक विरोध किया है।

## कश्मीर से जिन लोगों को पाकिस्तान वापस भेजा जा रहा है उनमें शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद की माँ भी हैं

**कश्मीर**

**आतंकवादियों** से लड़ते हुए मई 2022 में मारे गए विशेष पुलिस अधिकारी मुदासिर अहमद शेख की मां शमीमा अख्तर भी निर्वासित किए जा रहे लोगों में शामिल हैं। मुदासिर जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक टीम का हिस्सा थे, जिसने विदेशी आतंकवादियों के एक समूह को रोका था।

जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने 60 पाकिस्तानियों को वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनमें से एक आतंकी हमले में मारे गए पुलिसकर्मी की मां भी हैं।



अधिकारियों ने बताया कि इन सभी को विभिन्न जिलों से इकट्ठा करके बसों में पंजाब ले जाया गया, जहां उन्हें वाघा सीमा पर पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। निर्वासित किए जा रहे लोगों में अधिकतर पूर्व आतंकवादियों की पत्नियां और बच्चे हैं, जो पूर्व आतंकवादियों के लिए 2010 की पुनर्वास नीति के तहत घाटी में लौटे थे। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 36 पाकिस्तानी श्रीनगर में, नौ-नौ बारामूला और कुपवाड़ा में, चार बडगाम में और दो शोपियां जिले में रह रहे थे।

हम आपको बता दें कि आतंकवादियों से लड़ते हुए मई 2022 में मारे गए विशेष पुलिस अधिकारी मुदासिर अहमद शेख की मां शमीमा अख्तर भी निर्वासित किए जा रहे लोगों में शामिल हैं। मुदासिर जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक टीम का हिस्सा थे, जिसने विदेशी आतंकवादियों के एक समूह को रोका था।

## ये पता लगाना मुश्किल, सपा का बयान है या पाकिस्तानी प्रवक्ता का...

### पहलगाम हमले पर योगी ने अखिलेश को घेरा

**उत्तर प्रदेश**

**योगी** आदित्यनाथ ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का कोई व्यक्ति यहां तक कहता है कि हिंदुओं ने हिंदुओं को मारा है। जब भी विभाजनकारी राजनीति होगी, सपा और कांग्रेस के नेता तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर देंगे, जैसा कि वे अभी कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद, हमारे लिए यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि क्या वाकई समाजवादी पार्टी के नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं, या फिर पाकिस्तान के प्रवक्ता हैं। कानपुर के एक व्यक्ति शुभम द्विवेदी की पहलगाम में बेरहमी से हत्या कर दी गई। जब एक पत्रकार ने समाजवादी पार्टी के नेताओं से पूछा कि वे शुभम द्विवेदी के घर क्यों नहीं गए, तो उन्होंने कहा कि मृतक उनकी पार्टी का सदस्य नहीं था। यह बहुत शर्मनाक बयान है।

योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का कोई व्यक्ति यहां तक कहता है कि हिंदुओं ने हिंदुओं को मारा है। जब भी विभाजनकारी राजनीति होगी, सपा और कांग्रेस के नेता तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर देंगे, जैसा कि वे अभी कर रहे हैं। पूरे देश को एक स्वर में इस घटना की निंदा करनी चाहिए, और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और इसे खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सीमा होनी चाहिए जहां हम अपने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर देश और अपने लोगों के बारे में सोचें।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बुधवार को, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के शोक संतप्त परिजनों से मिलने कानपुर जाएंगे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

शुभम द्विवेदी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल थे। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। कानपुर के 31



वर्षीय व्यवसायी शुभम द्विवेदी की शादी दो महीने पहले, 12 फरवरी को हुई थी। जब खबर आई कि कश्मीर के पहलगाम में शुभम की उनकी पत्नी के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी गई, तब द्विवेदी परिवार में हड़कंप मच गया।

## बिहार सरकार आईपीएल में इतिहास रचने वाले वैभव को 10 लाख रुपए की सम्मान राशि देगी

**पटना। आईपीएल** के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी को राज्य सरकार 10 लाख रुपए की सम्मान राशि देगी। इसकी घोषणा मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की।

आईपीएल में इतिहास रचने वाले वैभव को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री ने आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, "वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उन पर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि वैभव भविष्य में भारतीय टीम के लिए नए कीर्तिमान रचें और देश का नाम रोशन करें।"

मुख्यमंत्री ने वैभव से फोन पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वैभव ने मुख्यमंत्री से 12 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी।

# कोहड़ार बाजार के होटल में संदिग्ध दशा में पीएचडी छात्र का फंदे से लटकता मिला शव





अखंड भारत संदेश

**मेजा।** कोहड़ार बाजार स्थित एक होटल में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पीएचडी के का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से शव लटकता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची मेजा पुलिस और फोरेंसिक टीम जहां जांच पड़ताल की कार्यवाही में जुटी हुई है वहीं मृतक के घरवालों ने उसके दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए मेजा थाने में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की जाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेपुर जनपद के खागा नगर के जीटी रोड निवासी 25 वर्षीय पीएचडी छात्र अच्युत त्रिपाठी पुत्र स्व लल्लन त्रिपाठी इलाहाबाद विश्वविद्यालय का पीएचडी का छात्र है। मृतक के बड़े भाई जनार्दन त्रिपाठी भाजपा फतेपुर के नगर महामंत्री हैं। अच्युत कटरा के नेतराम चौराहे के पास किराए का रुम लेकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई करते थे। बताया जाता है कि सोमवार को रात करीब 9 बजे वह अपने दो दोस्तों के साथ मेजा के कोहडार स्थित एक होटल में पहुंचकर एक कमरा लिया। इस दौरान देर रात एक बजे के आस पास वह अपने चाचा के लड़के के मोबाइल पर मैसेज कर उसे यहां से लिवा चलने की बात लिखा था अच्युत ने अपनी लोकेशन भी भेजा था। अच्युत का मैसेज पढ़ते ही उसका भाई आनन फानन में उक्त होटल पर पहुंचा तो वहां अच्युत त्रिपाठी के दो दोस्त कमरे के बाहर बैठकर खाना खाते हुए मिले और कमरे के दरवाजे का ताला बंद था मृतक के चाचा के लड़के ने घबरा कर उसके दोस्तों से अच्युत के बारे में पूंछा तो दोस्तों ने बताया कि वह कमरे में है जिस पर उसने ताला खोलने को कहा किंतु दोनों दोस्तों ने ताला नहीं खोला तो वह और अधिक परेशान हो गया और उसने ताला तोड़ दिया। इसके बाद वहां का नजारा देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरे में एक चादर के सहारे अच्युत त्रिपाठी की लाश लटक रही थी उसका घुटना तख्त पर टिका हुआ था। इस बाबत जब उसने दोनों दोस्तों से पूंछा तो वे गोलमोल बातें करने लगे। इस दौरान उसने समझदारी से काम लिया और अच्युत सांसे चलने की बात का बहाना बनाकर पास के ही एक व्यक्ति की बोलेरो गाड़ी में अच्युत को लेकर बहाने से एसआरएन अस्पताल के लिए रवाना हो गया। अस्पताल पर पहले से ही अच्युत के कई और दोस्त व परिजन मौजूद थे जिसे उन लोगों ने पकड़ लिया जबकि दूसरा मौका पाकर भाग गया। इधर घटना की सूचना मेजा पुलिस को भी दी जा चुकी थी। मेजा पुलिस पकड़े गए हिरासत में ले लिया है। इस बीच एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय फोरेंसिक टीम को सूचित करते हुए भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की कार्यवाही जुट गए बताया जाता है कि इस संबंध में दोनों अधिकारियों ने होटल मालिक समेत मृतक के पकड़े गए दोस्त व चचेरे भाई से बातचीत की है और शव को पीएम के लिए भेजा गया है। इसके बाद मंगलवार को मृतक भाई जनार्दन त्रिपाठी अपने परिजनों एवं रिश्तेदारों के साथ मेजा कोतवाली पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दिया और कार्यवाही की गुहार लगाते हुए शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग किया है।

- सूचना पर फोरेंसिक टीम और भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे एसीपी मेजा और थाना प्रभारी मेजा जांच पड़ताल की कार्यवाही में जुटे
- मृतक अच्युत के बड़े भाई तथा फतेपुर के भाजपा नगर महामंत्री जनार्दन त्रिपाठी ने अच्युत के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मेजा कोतवाली में दिया लिखित तहरीर
- घटना में तत्परता दिखाते हुए मेजा पुलिस ने एक दोस्त को लिया हिरासत में पंछतांछ जारी

### क्या कहते है अधिकारी

कोहड़ार होटल में घटित वारदात में हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है साथ ही साथ सभी बिंदुओं को पूरी गंभीरत से खंगाला जा रहा है। शव को पीएम के लिए भेजा जा चुका है जल्द ही घटना का पटाक्षेप कर दिया जाएगा।



**रवि कुमार गुप्ता**
**एसीपी मेजा**



## बाइक बनी गई है कार ट्रैक्टर बना बस चिंता की कोई बात नही

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र मेंअमूमन ट्रैक्टरों पर सवारियों को बैठा कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि ट्रेक्टर पर यह लिखा रहता है कि यह कृषि प्रयोग हेतु है। परन्तु पुलिस के आंखों में धूल झोंककर प्रायः ट्रेक्टरों पर सवारियों बैठा कर ढोया जा रहा है।जो काम बस का है ट्रेक्टर चालक सवारियों को बैठा कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा कर सवारियां ढो रहे हैं।इसी प्रकार बाइकों पर दो के स्थान पर पांच लोग बैठ कर आराम से चल रहे हैं। दुर्घटना का इन्हें तनिक भी परवाह नहीं है। आरोप है कि पुलिस देख कर अंजाम बनी हुई है।

# चार लाख के सापेक्ष में डेढ़ लाख में निपटा सोनाई गांव का अमृतसरोवर का कार्य

अखंड भारत संदेश

### गांव के कुछ दबंगों द्वारा महिला प्रधान का मानसिक उत्पीडन किया जा रहा है: प्रधान ने सक्षम अधिकारियों से शिकायत करते हुए कारवाई की अपील की है



**करछना।** प्रयागराज सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में जल भराव पशु पक्षियों एवं किसानों की फसलों की सिंचाई आदि जरूरतों के लिए अमृतसरोवरो का व्यापक पैमाने पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर तालाबों का जीर्णोद्धार कराने के लिए योजनाएं चलाई गई थी कुछ ग्राम पंचायतों में स्वीकृत धन का समय पर सही ढंग से सद्पयोग कर ग्राम प्रधानों ने गांवों की तस्वीर बदल दी वहीं कुछ पंचायतों में स्वीकृत धन का भुगतान समय पर नहीं किए जाने से आज भी अमृत सरोवर का कायाकल्प स्वरुप नहीं बदल पाया, विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनाई में कुछ ऐसा ही हाल है सरकार ने इस ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के लिए अनुमानित लागत चार लाख लगभग स्वीकृति प्रदान किया था जिसमें मात्र एक लाख पैंसठ हजार रुपए खर्च हो पाया, गांव की महिला प्रधान श्रीमती मंजू लता श्रीवास्तव ने बताया कि गांव के कुछ अराजक तत्वों जों दबंग है अमृत सरोवर निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर गति रोध उत्पन्न किया था जिसकी सूचना लिखित एसडीएम व खंड विकास अधिकारी को दिए जाने के बावजूद अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर कार्य अधूरा रह गया तथा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष में मात्र डेढ़ लाख रुपए तक का कार्य किया जा सका, तथा जो भी सौंदर्यीकरण कराया गया था उसे सरारती तत्त्वों ने नष्ट कर दिया है जिसकी जानकारी पुलिस प्रशासन एसडीएम एवं खंड विकास अधिकारी तक किऐ जाने के बावजूद अराजकतत्वों पर कार्रवाई नहीं हुई जिससे महिला प्रधान को आए दिन परेशान किया जा रहा है और मानसिक रूप से लोगों द्वारा उत्पीडन किया जा रहा है।

# युवक को तमंचा के बट से मारकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** तिलक समारोह में शामिल होने गया युवक को दबंगो ने जाति सूचक गालिया देते हुए तमंचा के बट से मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।यवक ने मऊआइमा थाने में दबंगो के खिलाफ तहरीर दी ।पुलिस तहरीर ले कर जांच कर र ही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भदरपुर उर्फ दीनापुर निवासी मनीष कुमार सरोज पुत्र लालचन्द्र सरोज गांव में तिलक उत्सव में शामिल होने गया था। मनीष का आरोप है कि दबंग प्रवृत्ति के कतिपय युवक उसको जाति सूचक गालियां देते हुए तमंचा के बटों से चेहरे पर मार कर जख्मी कर दिए। मनीष का आरोप है कि दबंगों का इतने से जी नहीं भरा तो वह गालियां देते हुए उसके घर में घुस कर जाति सूचक गालियां देते हुए मारे पीटे शोर मचाने पर किसी तरह मनीष की जान बची। मनीष कुमार सरोज ने मऊआइमा थाने में चार को नामजद करते हुए दस अज्ञातों के खिलाफ तहरीर दी है। उधर मऊआइमा पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### एम आर तिवारी इंटर कॉलेज के यूपी बोर्ड के मेधावियों को किया गया सम्मानित



**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के एम आर तिवारी इंटर कॉलेज भडेवरा के हाई स्कूल व इंटर के परीक्षार्थियों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करके विद्यालय समेत अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है । मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम के तहत हाई स्कूल और इंटर में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट उमाकांत तिवारी व प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार मिश्र के सहित व्यवस्थापक कपिल तिवारी की ओर से छात्र व छात्राओं का मुंह मीठा करा करके सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। और साथ ही साथ उनके सुनहरे भविष्य की कामना की गई । विद्यालय के प्रधानाचार्यने बताया कि हाई स्कूल का परिणाम 97 फीसदी व इंटर का परिणाम 96 फीसदी रहा। जिसमें हाईस्कूल के मेधावियों में शिवाकांत निषाद 88.33 % विशाल निषाद 87.83% अमृता हरिजन 87.16% अंजनी पाल 86.66 %शिवाकांत 84% प्रकाश चंद्र 80 % खुशी तिवारी 79.83 % , रागिनी 79% मानसी द्विवेदी 70.8 % अंक अर्जित करके विद्यालय में अब्बल रही। वहीं इंटर के मेधावियों में अंशिका मिश्रा 89.2 % काजल तिवारी 88.73% पियूष त्रिपाठी 82 %कार्तिकेय शर्मा 70.8% स्नेहल यादव 68 % लक्ष्मण मिश्र 68 % अखिलेश सोनकर 68% अंक प्राप्त करके विद्यालय में अव्वल रहे। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं लोग मौजूद रही।

### दुराचार के मामले में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि उसकी बेटी को अकेला देख कर एक युवक उसकी बेटी की इज्जत लूट लिया।वह कई दिनों से थाने में चक्कर लगाती रही। सोमवार को देर रात मऊआइमा पुलिस ने महिला की तहरीर पर मोहम्मद कैफ उर्फ सोनू पुत्र मोहम्मद इदरीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।तथा पीड़िता को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया है । पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### जमीन पर गिरे तार की चपेट में आने से भैंस की मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर निवासी सर्वेश कुमार यादव का कहना है कि उसकी माता ऊषा देवी कताई मिल कालोनी में भैंस चरा रही थी। जहां पर करंट दौड रहे बिजली का तार जमीन पर गिरा था।जिसकी जद में आने से उसकी एक लाख मूल्य की भैंस की मौत हो गई। सर्वेश कुमार यादव ने मऊआइमा थाने में मऊआइमा बिजली विभाग के अवर अभियंता और एस डीओ के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

### मकान निर्माण को लेकर लाठी डंडा से मार पीट कई जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय ख्वाजा निवासी मोहम्मद वैस पुत्र कमाल उद्दीन का आरोप है कि वह अपने घर का निर्माण कार्य करा रहा था। आरोप है कि विपक्षी एक राय होकर लाठी डंडा ईट आदि लेकर उसे और परिजनों को मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर दिए।मोहम्मद वैश ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद आलम, मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद इस्लाम तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# 01 मई, 2025 से गृहकर बिलों का किया जाएगा वितरण

अखंड भारत संदेश

### गृहकर 10 प्रतिशत छूट का लाभ 31 जुलाई 2025 तक ही शीध्र करें

**प्रयागराज।** वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दृष्टिगत नगर निगम प्रयागराज द्वारा गृहकरदाताओं को अपने भवन का गृहकर जमा करने हेतु बिल वितरण का कार्य 01 मई 2025 से आरम्भ कर दिया जाएगा। जारी बिलों पर अंकित क्यूआर कोड के माध्यम से घर बैठे ही भवन स्वामी अपने भवन का गृहकर नियमानुसार 10 प्रतिशत छूट के साथ ऑन लाइन जमा कर सकते है जिसके लिए सभी भवन स्वामियों के बिलों को डिजिटली जारी किया गया है। प्रयागराज नगर निगम सीमान्तर्गत निवासत समस्त भवन स्वामियों/ अध्यासियों/ गृहकरदाताओं से अपील की जाती है अपने गृहकर बिल वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड कर 10 प्रतिशत छूट के साथ कैश या नगर निगम की अधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते है। इसके साथ ही भवन स्वामी के माध्यम से या नये बिलों पर अंकित क्यूआर कोड स्कैन कर घर बैठे ही अथवा नगर निगम के सभी कैश काउन्टरों पर अपने भवन का गृहकर भुगतान कर सकते है। नगर निगम प्रयागराज के सभी जोनल कार्यालयों के कैश काउन्टर भी 30 अप्रैल 2025 से पूर्व की भॉति संचालित रहेगें। नागरिक/भवन स्वामी जोनल कार्यालयों के कैश काउन्टर पर भी जा कर अपने भवन का गृहकर जमा कर सकते हैं।

# शंकरगढ़ बम कांड का खुलासा, 4 गिरफ्तार, 2 फरार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शंकरगढ़ के नारीबारी में 13 अप्रैल को रात के सन्नाटे को चीरते हुए हुए बम विस्फोट ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी।मंगलवार को 16 दिन बाद प्रयागराज पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा कर चार अभियुक्तों को धर दबोचा, जबकि दो अभी भी फरार हैं। यह वारदात जमीन के पुराने विवाद और व्यक्तिगत रंजिश की आग में सुलगी थी, जिसने एक पड़ोसी को अपने ही पड़ोसी के खिलाफ हथियार उठाने पर मजबूर कर दिया।

13 अप्रैल की रात, समय करीब 9 बजे, नारीबारी की सड़कों पर सन्नाटा था। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने रवी केशरवानी पर बम फेंका। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि रवी और उनके ड्राइवर वेद गंभीर रूप से घायल हो गए। सौरभ केशरवानी, रवी के भाई, ने थाना शंकरगढ़ में तहरीर देकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस की रणनीति और छापेमारी और घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रयागराज पुलिस ने तुरंत कमर कसी। एसओजी यमुनानगर जोन, सर्विलांस सेल और थाना शंकरगढ़ की संयुक्त टीमें गठित की गईं। तकनीकी संसाधनों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने 29 अप्रैल को भारतनगर तालाब के पास छापा मारा। इस ऑपरेशन में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो अवैध देशी बम, तीन मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद हुई।पकड़े गए अभियुक्त वंश गौतम (19), उमरपुर नीवा, धूमनगंज, प्रयागराज,आशीष कुमार जायसवाल (28), चाकघाट, रीवा, म.प्र.,भोला केसरवानी (35), चाकघाट, रीवा, म.प्र. गिरफ्तार किए गए।। पूछताछ में भोला केसरवानी ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि रवी केशरवानी उसका पड़ोसी है और दोनों के बीच जमीन के कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद था। सार्वजनिक रूप से अपमानित करता था। इस अपमान का बदला लेने के लिए भोला ने अपने साथियों वंश गौतम, नीरज भारतीया, आशीष जायसवाल, अमित भारतीया और सोनू के साथ मिलकर बम हमले की साजिश रची।फरार अभियुक्तों में दो अभियुक्त सोनू (भवंदर धरा, बारा, प्रयागराज) और अमित भारतीया (भोला का पुरा, धूमनगंज, प्रयागराज अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के इस ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीमों का नेतृत्व थाना शंकरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश, एसओजी के उ.नि. नवीन कुमार सिंह और सर्विलांस सेल के उ.नि. प्रमोद यादव ने किया। अन्य प्रमुख सदस्यों में उ.नि. अनुराग, उ.नि. अभिनव उपाध्याय, उ.नि. आदित्य कुमार, उ.नि. कृष्ण कांत पांडेय, उ.नि. कृष्ण कांत तिवारी, उ.नि. शिवम नामदेव, हे.का. विजय शंकर यादव, का. विशाल सिंह, का. सुजीत यादव, का. धर्मेंद्र पाल, का. बलिराम सिंह, हे.का. दिनेश सिंह, का. रंजीत यादव, का. आकाश दीप सिंह, का. जसवीर सिंह, का. मनोज कुमार, का. अजय सिंह और का. रवि कुमार यादव शामिल थे।

# बबेरू में जलभराव : जेडीयू प्रतिनिधिमंडल ने बांदा के मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

### कहा - जलभराव से प्रतिवर्ष पांच से दस हजार बीघा खेती योग्य किसानों की भूमि होती हैं प्रभावित, जलभराव का स्थाई समाधान नहीं हुआ तो जेडीयू के लोग करेंगे आंदोलन



**मेजा।** बबेरू तहसील के किसानों की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप ले चुकी है। लगातार हो रहे जलभराव से हर वर्ष हजारों बीघा कृषि योग्य भूमि प्रभावित होती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर जनता दल यूनाइटेड के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा को ज्ञापन सौंपा और तत्काल राहत व स्थायी समाधान की मांग की। उल्लेखनीय है कि बीस से अधिक ग्राम पंचायतें प्रभावित प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि शिव, आहार, अरथरा, पारा बन्नू बेगम, मंठा, मियां बरौली सहित बबेरू की 20 से अधिक ग्राम पंचायतें हर साल जलभराव की चपेट में रहती हैं। इससे 5,000 से 10,000 बीघा तक कृषि भूमि पर फसलें नष्ट हो जाती हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें न तो समय पर राहत मिलती है और न ही स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रयास हुआ है जिससे किसानों की हालत दयनीय है। स्थानीय किसान महेंद्र सिंह ने बताया कि हर साल कर्ज. लेकर बुवाई करते हैं और जलभराव से पूरी फसल तबाह हो जाती है। प्रशासनिक उदासीनता से हम लगातार संकट में हैं। बबेरू क्षेत्र में प्रभावी जल निकासी व्यवस्था के लिए नाले, पुलिया और जल मार्गों का निर्माण,फसल नष्ट होने पर प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा, दीर्घकालिक जल प्रबंधन और सिंचाई योजना लागू की जाए,प्रभावित ग्रामों को प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाओं में शामिल किया जाए आदि मांगों को लेकर जेडीयू प्रतिनिधि मंडल ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गरिमा सिंह पटेल ने किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में जेडीयू जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता जेडीयू जिला अध्यक्ष नगर विकास प्रकोष्ठ बांदा काशी प्रसाद याज्ञिक जेडीयू प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल और जेडीयू जिला अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ बांदा श्रीराम प्रजापति भी शामिल थे।

**बुंदेलखंड की स्थायी समस्या बनी जल प्रबंधन की चुनौती :** यह समस्या केवल बबेरू की नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र की है, जहां जल निकासी और सिंचाई की कमी वर्षों से किसानों को प्रभावित कर रही है। जलभराव, सूखा और खराब प्रबंधन ने किसानों को त्रस्त कर दिया है।

## हाईकोर्ट ने डीएम फतेहपुर को लगाई फटकार, अफसरों को चेताया

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक कड़े आदेश में फतेहपुर के जिलाधिकारी को फटकार लगाई। अदालत के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा दाखिल शपथपत्र में यह सूक्ष्म संकेत था कि वह न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखने, कमजोर करने या अपमानित करने की शक्ति रखते हैं। जस्टिस जेजे मुनीर की एकल पीठ ने जिलाधिकारी के शपथपत्र में दर्ज इस आश्वासन पर आपत्ति जताई कि कोर्ट की गरिमा हमेशा बनाए रखी जाएगी। कोर्ट ने इसे एक छिपा हुआ विचार बताया और कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि डीएम खुद को कोर्ट की गरिमा को कम करने या अपमानित करने में सक्षम मानते हैं।कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, यह कोर्ट कलेक्टर जैसे अधिकारियों से निपटने और अपनी गरिमा की रक्षा करने में असमर्थ नहीं है। हमें उनके आश्वासन की आवश्यकता नहीं है। जो शब्द उन्होंने प्रयोग किए हैं, उनसे यह छुपा हुआ विचार झलकता है कि वह हमारी गरिमा को क्षति पहुँचाने में सक्षम हैं। किसी को भी जिसमें कलेक्टर फतेहपुर भी शामिल हैं, इस प्रकार का कोई भ्रम नहीं पालना चाहिए। कोर्ट ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वह यह बताते हुए एक स्पष्टीकरण हलफनामे के साथ दाखिल करें कि उनके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों न की जाए, क्योंकि उन्होंने ऐसा शपथपत्र प्रस्तुत किया है। यह तीखी टिप्पणी डॉ कमलेन्द्र नाथ दीक्षित की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसमें याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि कुछ भूखंड जो कि रिकॉर्ड में खेल का मैदान, तालाब और खलिहान के रूप में दर्ज हैं, उस पर ग्राम सभा के प्रधान द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है और उसे अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। प्रमुख सचिव और संबंधित जिलाधिकारी ने कोर्ट को सूचित किया कि अतिक्रमण के मामले में लेखपाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई। लेकिन याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि राजस्व अधिकारी और पुलिसकर्मी उसे याचिका वापस लेने के लिए धमका रहे हैं।

# प्रशासनिक अमले की कवायद के बाद भी अवैध खनन माफिया हैं सक्रिय

### मेजा सहित पड़ोसी जिले मिजार्पुर के छानवे के गोगांव में अवैध तरीके से हो रहा है बालू का खनन और परिवहन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर घोषित कछुआ सेंचुरी बालू के अवैध खनन व परिवहन माफियाओं की चारागाह बनी हुई है। प्रशासनिक अमले की कवायद के बाद भी बालू से तेल निकालने वाले मनबढ़ो के हौंसले बुलंद है। प्रयागराज जिले के मेजा क्षेत्र के अमिलहवा गंगा घाट से लेकर पड़ोसी जिले मिजार्पुर के छानबे क्षेत्र के गोगांव व नदिनी ग्राम की कछुआ सेंचुरी में बालू के अवैध खनन व परिवहन के विरोध में मंगलवार की सुबह गंगा वारियर्स सुवाष चंद्र ओझा के नेतृत्व में गंगा दूतों व सामाजिक कार्यकताओं ने गोगांव ग्राम के घाटों पर मौन पदयात्रा के बाद दो घंटे तक प्रतीकात्मक धरना-प्रदर्शन किया। जिला गंगा समिति के बैनर तले वन एवं वन्य जीव सुरक्षा माह अंतर्गत मछलियों को चारा भी खिलाया। ग्रामीणों को वन्य एवं जलीय जीवों का संरक्षण व बालू के खनन परिवहन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। युगों-युगों का नाता है गंगा हमारी माता है। हर हर गंगे नमामि गंगे अविरल गंगा निर्मल गंगा जैसे नारे लगाए। एक सप्ताह पूर्व नोडल अधिकारी डीएफओ प्रयागराज को पत्रक सौंप कर कार्यवाई की मांग की गई थी। एसडीएम सदर के निर्देश पर गोगांव के आठ व हरगढ़ गांव के दो तथा 12 अज्ञात के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। किंतु बालू का खनन व परिवहन पर रुक नहीं पा रहा है। मां गंगा को साक्षी मानकर गंगा वारियर्स ने संकल्प लिया कि खनन-परिवहन पर सख्त शीघ्र ही पाबंदी नहीं की गई तो एक सप्ताह बाद गले तक गंगा के पानी में खड़े रहकर आमरण अनशन करेंगे। गंगा वारियर्स प्रेमचंद उर्फ बबलू चतुर्वेदी, रतनलाल दुबे, राहुल सिंह, आचार्य सर्वेश चंद्र मिश्रा, पंडित आदर्श दुबे, विंध्य प्रकाश, जायसवाल, विकास सिंह आदि रहे।

# एनयूजे के बैनर तले निकाला गया कैंडल मार्च

## पहलगाम मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज नेतृत्व संगठन के पदाधिकारीयों सदस्यो तथा शहर के पत्रकारो व समाजसेवी ने कशमीर पहलगाम मे आतंकवादी घटना मे मारे गए मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । यह कैंडल मार्च शाम सात बजे पत्थर गिरजाघर से शुरू होकर सुभाष चौराहा पहुच कर नेता जी सुभाष चद्रं बोस के प्रतिमा पर सभा कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई इसके पश्चात भारत सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक अभियान चला कर देश से आतंकवाद नामक नासूर को जड़ से समाप्त करने की मांग की गई । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने की संचालन संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने की । तथा श्रद्धांजलि सभा को प्रमुख रूप से सम्बोधित संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव प्रवक्ता मनीष द्विवेदी,संरक्षक पवन द्विवेदी ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहाँ कि आखिर कब तक अपनो की लाशे देखते रहेंगे तथा कब तक श्रद्धांजलि देते रहेगे अब आतंकवाद पर निर्णायक कार्यवाही होनी चाहिए। संरक्षक परवेज आलम ने कहाँ कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या का जबाब जरूरी है आतंकवाद के कमर तोड़ने मे सरकार जो भी निर्णय लेगी और जो भी आतंकवादियो के खिलाफ जो भी कठोर से कठोर कार्यवाही करे पूरा देश का समर्थन सरकार के साथ है ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने कहाँ अब आतंकियो दूारा एक भी भारतीय की हत्या बर्दाशत नही सरकार हर स्तर पर इनसे सख्ती से निबटे देश सरकार के साथ है ।प्रवक्ता मनीष दिवेदी ने कहाँ पहलगाम मे पर्यटकों के हत्या के बाद से पूरा देश सड़क पर है देश भर से एक ही आवाज उठ रही है सरकार आतंकियो को सबक सिखाए देश सरकार के साथ खडा है । कोषाध्यक्ष असद कुरैशी ने कहाँ आतंकवादी ने पर्यटकों की हत्या कर देश की सीना छलनी की जो कदापि बर्दाश्त नही किया जाएगा सरकार इनको सबक सिखाए पूरा देश सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध कार्यवाही मे साथ है। श्रदाजँली सभा मे अध्यक्षीय सम्बोधन मे जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहाँ पहलगाम मे निर्दोष पर्यटकों के हत्या के बाद से आतंवाद तथा आतंकवादियो के प्रति गहरा आक्रोश है । इस आतंकवादी घटना से देश के सभी धर्म के लोग चाहे हिन्दू हो या मुस्लमान हो सिक्ख हो या इसाई हो पत्रकार हो चिकित्सक हो ब्यापारी हो समाज सेवी हो राजनेता हो सता और विपक्ष हो आम जनमानस हो सभी सरकार के साथ खडे है कशमीर से कन्याकुमारी तक एक ही आवाज देश मे आतंक का अंत हो । आतंक का बिरोध कशमीर से कन्याकुमारी तक बिरोध ने दुनिया को यह ही संदेश दिया की भारत एक है जिस मकसद से आतंकवादियो ने धर्म पुछकर हत्या की थी इससे तो यही लग रहा था की देश की एकता को खडित करना मकसद था परन्तु हमारे देश के हिन्दू मुस्लमान सिक्ख इसाई एक स्वर मे इस घटना का बिरोध कर यह भी दुनिया को बता दिया हमारी एकता को तोडने की कोई भी साजिश सफल नही होगा।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी पूरे देश का समर्थन सरकार के साथ है । कैडिंल मार्च तथा श्रदाजँली सभा मे पवन दिवेदी परवेज आलम उमेश श्रीवास्तव कुन्दन श्रीवास्तव डॉ सुधाकर पान्डेय चित्रांशी यादव धर्मेंद्रं कुमार श्रीवास्तव बीरेद्रं कुमार श्रीवास्तव जिया सिदीकी बृजेश कुमार केसरवानी वी के यादव अखिलेश शुक्ला मनीष दिवेदी असद कुरैशी मधुर दरबारी राम बाबू रंजीत निषाद इरफान खान शिव पान्डेय सौरभ कुमार आदर्श अनूप रावत शनी केसरी मो नसीम देवाशीष श्रीवास्तव राजीव कुमार सिह शिव जी मालवीय नफीस अहमद शीतला प्रसाद तिवारी जितेद्रं कुमार सिंह मुकेश कुमार गुप्ता मनोज कुमार आनंद श्रीवास्तव सत्यम निषाद शेखर आदर्श बृजेद्रं कुमार सिंह अमीत श्रीवास्तव अशरफ अली शुभम मालवीय गौरव त्रिपाठी अरुण श्रीवास्तव अभय पान्डेय समाज सेवी सरदार पतविन्दर सिंह अनिल सिंह संतोष सिंह राजेश थापर सिद्धार्थ सिन्हा। आदि रहे।

# महिला मित्र ने जहर देकर की थी हत्या

अखंड भारत संदेश

**व्यापारी की मौत का खुलासा**

- बदनामी का बदला लेने के लिए रची साजिश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक व्यापारी की रहस्यमयी मौत का पदार्फाश हुआ है। दिसंबर 2024 में सिविल लाइंस के एक होटल में मृत पाए गए ग्लास व्यापारी मकसूद अहमद की हत्या उनकी महिला मित्र सदब उर्फ सदफ ने की थी।धूमनगंज के साकेत नगर निवासी 35 वर्षीय मकसूद अहमद आठ दिसंबर की शाम होटल में अपनी महिला मित्र के साथ थे। भोजन के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई।महिला ने व्यापारी के दोस्त सलमान की मदद से उन्हें एसआरएन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने मकसूद को मृत घोषित कर दिया।शुरू में मौत को सामान्य माना गया। व्यापारी के शरीर पर नीले निशान देखकर पत्नी चांदनी खान ने हत्या की आशंका जताई। उन्होंने सदब और सलमान पर आरोप लगाए।विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने जांच तेज की। 19 अप्रैल 2025 को आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में सदब ने बताया कि मकसूद ने उनके निजी संबंधों को सार्वजनिक कर दिया था। इससे उसकी वैवाहिक जीवन प्रभावित हुआ। बदले की भावना से उसने खाने में जहर मिलाकर मकसूद की हत्या की।सिविल लाइंस इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव ने बताया कि पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है। पांच महीने बाद मामले का खुलासा होने से मृतक के परिवार को न्याय की आस जगी है।

# नैनी में ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

- मजदूर की मौत के बाद बढ़ा बवाल, रीवा राजमार्ग पर लंबी वाहनों की लगी रही कतार
- पुलिस ने परिवार के लोगों को समझा बुझाकर जाम को हटवाया

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत मंगलवार को मामा भांजा तालाब के पास एक बड़ा हादसा हो गया। डिवाइडेड से टकराकर एक ट्रैक्टर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने रीवा राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जिसके बाद नैनी थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर किसी तरीके से आक्रोशित लोगों को समझा बूझाकर चक्का जाम समाप्त करवाया। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। मृतक भडरा गांव निवासी जीत लाल उर्फ गोरेलाल (28) पुत्र फूलचंद है जो कि ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। ट्रैक्टर पलटने से मौके पर मौत हो गई थी। मृतक गोरेलाल को एक लड़का और एक लड़की है। पत्नी का नाम अंजली है। वह गांव के ही साबा नाम के व्यक्ति के इंटरलॉकिंग ईट के भट्ठे का ट्रैक्टर चालक था। मृतक की मां ननकई है। मृतक चार भाई है। जिसमें दिलीप, दिनेश और उमेश भी प्राइवेट काम करते हैं। वह मंगलवार को मेजा से ट्रैक्टर लेकर वापस लौट रहा था। तभी मामा भांजा चौराहे पर बने गोल चक्के पर उसके ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया और पलट गया। जिसमें उसकी दबने से मौत हो गई।

नैनी कोतवाली प्रभारी बृज किशोर ने बताया कि चौराहे पर ट्रैक्टर पलटने से हादसे में चालक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रैक्टर मालिक की तरफ से चालक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने में मदद की जाएगी।

## पक्षियों के लिए बांधे दाना पानी के परिंडे



**फाफामऊ।** मंगलवार सांवरिया सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में तेज धूप को देखते हुए पक्षियों के लिए दाना पानी के परिंडे लगाए गये समिति के गणेश प्रजापति ने सभी प्रदेश वासियों से अपने-अपने घरों पर पक्षियों के लिए दाना पानी की उचित व्यवस्था करने कि अपील की। इस अवसर पर समिति के सुभाष परीक, सांवरमल मीणा, राकेश तंवर, विनोद सैनी, अमजद खान, राहुल तंवर, भागचंद बागड़ा, सुखवीर चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, जीतू स्वामी, कन्हैया लाल रजवानिया, वकील खान, जुगल किशोर पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

# नैनी पुलिस ने बीते दिनों हुई बग्घी संचालक की हत्या का किया खुलासा

- शराब पीने के दौरान रुपयों को लेकर हुआ था बात विवाद
- साथी के साथ मिलकर ईट से की गई थी हत्या

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत में बीते दिनों हुई एक बग्घी संचालक की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अरोपियों में अरैल निवासी शुभम निषाद और सच्चा बाबा आश्रम अरैल के रहने वाले साजन निषाद शामिल हैं। बीते 16 अप्रैल की रात को तीनों ने एक साथ शराब पी थी। इसी दौरान रुपयों को लेकर आपस में विवाद हो गया। साजन और शुभम ने मोहसिन को कर्बला कब्रिस्तान के पास घेर लिया। शुभम ने मोहसिन के सिर पर पीछे से ईंट से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एसीपी करछना वरुण कुमार ने बताया कि शुभम निषाद नैनी कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ नैनी कोतवाली में दस मुकदमे दर्ज हैं। साजन के खिलाफ भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। शुभम ने मोहसिन की जेब से मोबाइल और रुपए निकाल लिए थे। बाद में उसने मोबाइल और हत्या में प्रयुक्त ईट को यमुना नदी में फेंक दिया। गुरुवार की रात मोहसिन की लाश कर्बला कब्रिस्तान में मिली थी। शव पानी से भीगा हुआ था और उस पर बालू लगी थी। सिर पर चोट के निशान भी थे। मृतक के परिजनों ने शुभम महरा समेत पांच लोगों के खिलाफ नैनी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# फार्मासिस्ट के सूने मकान में लाखों की चोरी




**झूंसी।** थाना क्षेत्र के चमनगंज वैष्णो नगर स्थित एक फार्मासिस्ट के सूने मकान से चोरो ने लाखों के जेवरात व नकदी समेट कर फरार हो गए। मंगलवार को फार्मासिस्ट घर आये तब चोरी की जानकारी हुई। मामले की शिकायत पर पहुची पुलिस ने मौके पर जांच कर पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई। मूलतः भदोही निवासी शिवम शुक्ला जार्ज टाउन स्थित एक निजी हास्पिटल में फार्मासिस्ट है वह झूंसी के चमनगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत वैष्णव नगर में मकान बना कर रहते है। शिवम रविवार को मकान में ताला बंद कर निजी काम से वाराणसी गए थे, मंगलवार को लौटे मकान का गेट खोल अंदर गए तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए सारा सामान बिखरा था छत की ग्रिल में लगी छड़ टूटी थी और कमरे में रखी अलमारी, बॉक्स, अटैची खुली थी उसमें रखे तीन लाख के जेवरात व एक लाख नकदी सहित अन्य सामान गायब थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# वृद्ध दंपति का पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा घर

- एडीए कॉलोनी में धारदार हथियार से वृद्ध दंपत्ति की सोमवार की दोपहर हुई थी हत्या
- मंगलवार की शाम दारागंज स्थित घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी थाना अंतर्गत एडीए कॉलोनी में धारदार हथियार से वारकर वृद्ध दंपती की हत्या सोमवार की दोपहर में कर दी गई थी। घटना के समय दोनों घर में अकेले मौजूद थे। पड़ोसियों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के माध्यम से छानबीन शुरू कर दी। हालाकि सीसीटीवी की मदद से तीन से चार लोगों को नैनी पुलिस ने पूछ ताछ के लिए उठाया है। मंगलवार को जब नैनी पुलिस जांच के लिए घर के अंदर गई तो वहां का नजारा देख पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने देखा कि घर की सीढ़ियों व दीवार पर खून का छीटा पड़ा हुआ है। वहीं कुछ दूर पर ही खून से लथपथ एक कपड़ा भी मिला। जिसे देख पुलिस ने यह अनुमान लगाया है कि वृद्ध दंपति की हत्या बहुत ही बेरहमी से की गई है। वहीं नैनी पुलिस का दावा है कि पुलिस कातिलों को जल्द से जल्द ढूंढकर सलाखों के पीछे भेजेगी। घटना के बाद जब यह सूचना मृतक दंपति के बेटे व बेटियों को हुई तो वह भी आनन फानन में नैनी आ गए। घटना के बाद से ही बच्चों का रो - रोकर बुरा हाल है। वहीं मंगलवार की शाम दारागंज स्थित घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया।

# निःशुल्क हृदय रोग जाँच शिविर का आयोजन संम्पन्न




**फाफामऊ।** मंगलवार को 101 आरएएफ के वाहिनी चिकित्सालय में मनोज कुमार गौतम कमाण्डेंट-101 आर.ए.एफ के नेतृत्व में निःशुल्क हृदय रोग परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन विनीता हॉस्पिटल फाफामऊ प्रयागराज (उ०प्र०) के सौजन्य से किया गया। जैसे विदित है, कि 101 आर.ए.एफ के वाहिनी चिकित्सालय में समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन विनीता हॉस्पिटल के द्वारा किया जाता रहा है। इसी कम में सर्वप्रथम मनोज कुमार गौतम कमाण्डेंट-101 आर.ए.एफ ने विनीता हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ विनीता विश्वकर्मा तथा डॉ. बिन्दू विश्वकर्मा को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ विनीता विश्वकर्मा ने फीता काटकर निःशुल्क हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ किया। विनीता हॉस्पिटल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ विमल कुमार निषाद व उनकी टीम द्वारा जवानों व उनके परिवार जनों की निःशुल्क हृदय रोग परामर्श व जांच की गई। वाहिनी के कमाण्डेट महोदय द्वारा विनीता हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ विनीता विश्वकर्मा तथा डॉ. बिन्दू विश्वकर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर पुनर्वसु तिवारी (द्वि. कमा.अधि.). डॉ० अशोक कुमार उटड (डऋ), यज्ञ कुमार सिंह (उप कमाण्डेन्ट), टी.एन. सिंह (उप कमाण्डेन्ट), आत्माराम यादव (उप कमाण्डेन्ट), तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व उनके परिवारजन तथा विनीता हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ विनीता विश्वकर्मा, डॉ. बिन्दू विश्वकर्मा एवं डॉ विमल निषाद (कार्डियोलॉजी) भी उपस्थित रहे।

# माननीय जनपद न्यायाधीश ने 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत/एडीजे व दिनेश कुमार गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/एडीजे , रजनीश कुमार मिश्रा एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 10.05.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया । समस्त जनमानस से अनुरोध है दिनांक 10.05.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

# भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, सफलता का पुल है : डॉ. कुंवर शेखर गुप्ता

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर में तरुणोत्सव-2025 कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, दिल्ली के विधि अध्ययन संकाय में सहायक प्रोफेसर डॉ. दक्षा शर्मा तथा यूनाइटेड विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कला संकाय के अंग्रेजी साहित्य के सहायक प्रोफेसर डॉ. कुंवर शेखर गुप्ता प्रमुख वक्ता रहे। केंद्रीय विद्यालय के प्रमुख शैक्षणिक कार्यक्रम तरुणोत्सव के द्वितीय दिवस पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गा दत्त पाठक ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए डॉ. दक्षा शर्मा, दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, विधि अध्ययन संकाय की सहायक प्रोफेसर ने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वकालत, कॉर्पोरेट कानून, बौद्धिक संपदा अधिकार, साइबर कानून, अंतरराष्ट्रीय कानून और पर्यावरण कानून पर प्रकाश डाला। डॉ. शर्मा ने छात्रों को समझाया कि आधुनिक कानूनी क्षेत्र में तकनीकी और वैश्विक विषयों की समझ आवश्यक होती है। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र का आयोजन ऑफलाइन किया गया। इस सत्र के प्रमुख वक्ता डॉ. कुंवर शेखर गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी ने आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार अंग्रेजी भाषा कौशल को कैसे सुधारा जाए एवं भाषा कौशल से व्यक्तित्व को कैसे निखारा जाए विषय पर व्याख्यान दिया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. शेखर ने अंग्रेजी भाषा कौशल को निखारने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कहा कि आज के आधुनिक युग में कोई भी व्यक्ति अधिक पढ़ने से बचने का प्रयास करता है, इसलिए हमारा प्रयास होना चाहिए कि कम शब्दों में अपनी बात को स्पष्ट, सटीक और आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करें। उन्होंने बताया कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक पुल की तरह कार्य करती है जो व्यक्ति को सफलता तक पहुँचाने में सहायक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों एवं संस्मरणों के माध्यम से समझाने का प्रयास किया कि अंग्रेजी भाषा कौशल में दक्ष होने का एकमात्र तरीका यह है कि इसे अपने दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करें। जितना अधिक भाषा के संपर्क में रहेंगे, उतनी ही शीघ्रता और सरलता से इस कौशल को विकसित कर सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक टैंक में तेल भरकर उसकी टोंटी से पानी निकालने का प्रयास किया जाए तो असंभव होता है, उसी प्रकार मानव मस्तिष्क भी एक टैंक की तरह कार्य करता है। यदि हम अपनी दिनचर्या के विषय-वस्तु को मातृभाषा में संग्रहीत करते हैं और फिर अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं, तो हम अपने को असफल पाते हैं। परन्तु अगर हम अपने दिनचर्या की सभी गतिविधियों में अंग्रेजी भाषा को शामिल कर लें और यहाँ तक कि अगर हम मैन में कुछ सोचे भी तो अंग्रेजी भाषा में, इस प्रकार हमारे मस्तिष्क रूपी टैंक में पूरा विषयवस्तु अंग्रेजी में स्टोर होत जाता हैज जरूरत पड़ने पर अपने आप स्वतः ही हमारा वक्तव्य अंग्रेजी भाषा में पप्रेषित होता है। अतः अंग्रेजी भाषा में धाराप्रवाह सम्प्रेषण के लिए अंग्रेजी भाषा को हमें अपने दैनिक जीवन में शामिल करना पड़ेगा और अंग्रेजी भाषा में ही सोचने का प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने वक्ताओं से संवाद किया और अपने करियर संबंधी विचार साझा किए। अंत में प्रधानाचार्य डी. डी. पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित किया और अतिथियों का अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक सचिन कुमार राय रहे तथा कुशल संचालन प्रेम दीपक मिश्रा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कमजोर वर्गों के लिए है नि:शुल्क विधिक सेवाएं- तहसीलदार पट्टी



**प्रतापगढ़। जनपद** न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के मार्गदर्शन एवं अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार के निर्देशन में पट्टी तहसील सभागार में निशुल्क विधिक सहायता, वैवाहिक विवादों का आपसी सुलह समझौते से समाधान एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें लोगों को संबोधित करते हुए तहसीलदार पट्टी श्वेताभ सिंह सचिव तहसील विधिक सेवा समिति ने कहा कि कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान किया गया है, जिसे लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले का प्री लिटिगेशन स्तर पर समाधान होने से दोनों पक्षों को विवादों से छुटकारा मिलता है। इस अवसर पर पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय संचालक लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी ने कहा कि वैवाहिक विवादों का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से समाधान कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि आने वाली 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय के साथ-साथ सभी न्यायालयों में किया जा रहा है, लोक अदालत के माध्यम से वादों का निस्तारण कराकर लोग हमेशा के लिए विवादों से छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं। पैनल अधिवक्ता इन्द्र प्रसाद द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

विधिक साक्षरता शिविर में पीएलवी विशाल त्रिपाठी संचालक लीगल एड क्लीनिक बाबा बेलखरनाथ द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य एवं शिक्षा का अधिकार कानून के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान की गई। समाजसेवी अविनाश पाण्डेय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई, उन्होंने निशुल्क विधिक सहायता को कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राम वर्मा, शिवा कान्त पाण्डेय, उमेश तिवारी, आशीष तिवारी, राकेश तिवारी, वरुण कुमार पाण्डेय ,अनुज मिश्रा, लोकेश कुमार सिंह, विजय बरनवाल ,अखंड प्रताप, राजेश कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## मंदिर के स्थापना दिवस पर पाठ व भंडारे का आयोजन




**बेलखरनाथ धाम। महावीर** हनुमान मंदिर के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रामचरित मानस पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के अखौवा गांव में 29 अप्रैल को रामायण व 30 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया गया है।

उक्त जानकारी राकेश गुप्ता ने दी है।

## दबंगों ने फसल में लगायी आग, तमंचा सटाकर की मारपीट

**प्रतापगढ़। दबंगो** द्वारा रंजिशन फसल जला देने व तमंचा सटाकर धमकी देने तथा मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने मंगलवार को दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे चंदवरियन रामपुर कसिहा गांव निवासी कृष्ण कुमार तिवारी पुत्र त्रिलोकी नाथ तिवारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी अरहर की फसल खेत में मड़ाई के लिए काट कर रखी थी। आरोप है कि बीती सोमवार की शाम करीब साढ़े छः बजे गांव के दो दबंगों ने खेत में पहुंचकर फसल में आग लगा दिया। जिससे सारी फसल जलकर नष्ट हो गयी।

पीड़ित का यह भी आरोप है कि मंगलवार सुबह वह अपने भाई प्रमोद कुमार तिवारी के साथ शिकायत करने थाने जा रहा था तो रास्ते में आरोपियों ने जबरन रोक कर तमंचा सटा दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी द्वारा हॉकी से किये गये हमले से पीड़ित घायल भी हो गया। शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपी धमकी देते चले गये। एसओ राधेश्याम का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दो पर गैंगेस्टर का मुकदमा, आरोपी भेजे गये जेल

**प्रतापगढ़।** आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त दो आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव की तहरीर पर आपराधिक कार्यो में गिरोह बनाकर संलिप्त गैंगलीडर कुलदीप सरोज पुत्र दूधनाथ सरोज निवासी लाला का पुरवा तथा सूबेदार तिवारी पुत्र राज नारायण तिवारी निवासी धारूपुर के खिलाफ मंगलवार को गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## श्री छोटी आयोध्या धाम में मुस्तैद दिखे पुलिसकर्मी, शोभायात्रा आज

**पट्टी। तहसील** क्षेत्र के नगर पंचायत रामगंज स्थित वार्ड क्रमांक 4 संग्रामगंज में स्थापित इस धाम पर प्राण प्रतिष्ठा मंगलम महोत्सव मनाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा वैदिक रीति रिवाज से सात दिवस तक काशी और अयोध्या के विद्वानों द्वारा वेद मंत्रों से कराया जा रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में 30 अप्रैल दिन बुधवार को प्रातः 6 बजे नगर पंचायत रामगंज में स्थित प्राचीन मंदिर से नवनिर्मित श्री छोटी अयोध्या धाम संग्रामगंज को कलश शोभा यात्रा भक्तों के द्वारा की जाएगी। इसी पावन धाम पर एक से 9 मई तक विश्व विख्यात राम कथा मर्मज्ञ परम पूज्य प्रेम मूर्ति प्रेमभूषण महाराज के द्वारा भक्तों को राम कथा का रसपान होना सुनिश्चित है। जिसमें पहुंचने वाले दूर-दूर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रतापगढ़ पुलिस ने श्री छोटी अयोध्या धाम वार्ड क्रमांक चार संग्रामगंज नगर पंचायत रामगंज में छावनी बना दिए हैं।



राम कथा के दौरान इस धाम पर भारत सरकार मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रालय से भी अतिथियों को आना है। कार्यक्रम में विख्यात राम कथा मर्मज्ञ संत शिरोमणि राजन महाराज का भी दर्शन और आशीर्वचन उपस्थित भक्तों को प्राप्त होगा। अन्य विद्वान मनीषियों का भी दर्शन आशीर्वाद धर्मावलंबियों को यहां प्राप्त होगा। बागेश्वर वाले बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को भी आयोजक राम अकबाल मिश्र के द्वारा आमंत्रित किया गया है। पूरे नव दिवस तक भंडारे में प्रसाद भक्तों को वितरण किया जाएगा।

## निष्काम भाव से भगवान का स्मरण करने से सुधर जाता है जीवन- पं0 श्याम नारायण




**प्रतापगढ़। बाबा** जगदीश्वर नाथ धाम हिरऊ का पुरवा बेलहा में चल रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को कथाव्यास पं. श्याम नारायण सरस जी महराज ने कथा प्रसंग में श्रद्धालुओं को कर्तव्य का बोध कराया। कथाव्यास सरस जी महराज ने कहा कि मनुष्य को कर्तव्य का बोध श्रीमदभागवत की कथा को सच्ची श्रद्धा से श्रवण करने से ही होता है। उन्होनें कहा कि निष्काम भाव से भगवान का स्मरण करने वाले अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। उन्होनें कहा कि मानव तन नश्वर है लेकिन हम माया के मोह में फंसकर इसे ही प्रधान मान लेते हैं।

मुख्य आयोजक जगदीश नारायण मिश्र एवं राजकली देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रोली अक्षत चंदन से व्यासपीठ का पूजन किया।

कथा के दौरान महिलाओं के भजनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। शिवहर्ष मिश्र ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा अवधेश नारायण मिश्र, सदाशिव मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर दयाशंकर मिश्र, अवध नारायण तिवारी, प्रेम नारायण, श्याम नारायण, त्रियुगी नारायण, कुलदीप, संतोष कुमार, विनोद कुमार, दुर्गेश कुमार रिंकू आदि मौजूद रहे।

## परशुराम जयंती पर प्रतिमा होगी स्थापित, शोभा यात्रा व भंडारे का होगा आयोजन

**बेलखरनाथ धाम। परशुराम** जयंती पर बाबा कालेश्वर नाथ महादेव मंदिर रामपुर खागल में भव्य भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना होगी।इस दौरान शोभा यात्रा व विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राजेंद्र नाथ त्रिपाठी, उदासीन मुनि ,सहित कई जनपदों से भारी संख्या में लोगों का आगमन होगा ।शोभायात्रा रामपुर खागल से प्रारंभ होकर पृथ्वीगंज, उडैयाडीह, पट्टी नगर होते हुए रामपुर खागल जाएगी।जहां बाबा कालेश्वर नाथ महादेव मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना होगी। तथा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।कार्यक्रम में कई राजनीतिक दलों की भी सहभागिता रहेगी। कलश यात्रा के दौरान लोगों को गर्मी से निजात देने के लिए कई जगह पेयजल की भी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने बताया कि भव्य शोभायात्रा सुबह आठ बजे से रामपुर खागल से प्रारंभ होकर पृथ्वीगंज बाजार पहुंचेगी जहां स्वागत होगा। इसके बाद बंसीपट्टी होते हुए उडैयाडीह बाजार होते हुए पट्टी ढकवा मोड़ से नगर भ्रमण करते हुए रामपुर खागल पहुंचेगी जहां परशुराम जी की प्रतिमा स्थापित करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी है।

## घर में घुसकर लाखों के जेवरात उड़ाये, दी तहरीर



**प्रतापगढ़। छत** के रास्ते घर में दाखिल हुए अज्ञात चोर लाखों के जेवरात उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीडित ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के लकुरी गांव निवासी प्रेम बहादुर सिंह के घर में सोमवार की रात अज्ञात चोर छत के रास्ते अंदर घुस आये। बदमाशों ने कमरे मे रखी आलमारी का लाक तोड डाला और उसमे रखे करीब दस लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान उड़ा ले गये। मंगलवार की सुबह परिवार के लोग सोकर उठे तो घर में बिखरा सामान देख अवाक रह गये।

सूचना पर पुलिस पहुंची और छानबीन की लेकिन चोरों पर कोई सुराग नहीं लगा सकी। रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी विवेक यादव का कहना है कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उठाये लाभ, 31 जुलाई तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़। जिला** कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल नुकसान के जोखिम से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इसके तहत खरीफ सीजन 2025 में किसान अपनी फसल का बीमा 31 जुलाई 2025 तक करा सकते है। उन्होने फसल क्षति की स्थितियों के सम्बन्ध में बताया है कि फसल की बुवाई न कर पानाध्असफल बुवाई फसल की मध्य अवस्था में क्षति, खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओंध्रोगो, कीटों से क्षति, ओला वृष्टि, जल भराव (धान फसल को छोड़कर), बादल फटना, भू-स्खलन, आकाशीय बिजली गिरने से क्षति, फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी हुई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बे मौसमध्चक्रवाती वर्षा से नुकसान की जोखिम को कवर किया गया है। दावा क्लेम की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बताया है कि किसान अपनी फसल नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नम्बर 14447, सम्बन्धित बैंक, राजकीय कृषि बीज भण्डार, जनपद स्तरीय उप कृषि निदेशकध्जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, फसल बीमा कार्यालय (कृषि भवन) पर शिकायत कर सकते है। बीमा कम्पनी द्वारा कटाई पूर्व अंकेक्षण किया जाता है। रिपोर्ट के आधार पर 30 कार्य दिवस में भुगतान प्रक्रिया शुरू होती है। मुआवजा राशि सीधे किसान के आधार लिंक बैंक खाते में ट्रान्सफर की जाती है। बीमा कराने हेतु आवश्यक प्रपत्रों के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व दस्तावेज-अधिकार का रिकार्ड और भूमि कब्जा प्रमाण पत्र, पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, बंटाईदार किसान या किरायें पर ली गई भूमि की स्थिति में भूमि के मालिक के साथ अनुबन्धध्समझौता, किरायाध्पट्टा विलेख, भूमि के मालिक का सुस्पष्ट आधार कार्ड तथा मोबाइल नम्बर इत्यादि है। ऋणी कृषकों के लिये केवल आधार आवश्यक है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की आधिकारिक वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्चउिइलण्हवअण्पद पर लागिन कर- के सम्बन्धित बैंक, सीएससीध्जनसेवा केन्द्र पर आवेदन कर सकते है। कृषि विभाग द्वारा कृषको को संदेश दिया गया है कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक किसान तक लाभ पहुँचाना है।

## पुस्तक दक्षिण भारत का राजनीतिक इतिहास का हुआ विमोचन

**पट्टी। मंगलवार** को पीजी कॉलेज पट्टी में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन के अंतर्गत प्राचीन इतिहास विषय से संबंधित पुस्तक ह्यदक्षिण भारत का राजनीतिक इतिहासह्ण का विमोचन किया गया। यह पुस्तक स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित यादव द्वारा लिखी गई है। पुस्तक की विशेषता यह है कि यह नई शिक्षा नीति 2020 की दृष्टि से बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर आधारित है। पुस्तक का लोकार्पण महाविद्यालय की प्रबंध समिति के संरक्षक डॉ. श्याम किशोर शुक्ल व प्राचार्य डॉ. रामेश्वर शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. रामजी देव शुक्ल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. अमित यादव ने बताया कि यह पुस्तक छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, विशेष रूप से जेएनयू, टीडीपीजी व पीजी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण स्रोत बन सकती है। कार्यक्रम का संचालन जन सूचना अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने किया। कहा कि ऐसी अकादमिक पुस्तकें नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को मजबूती देती हैं और छात्रों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। यह आयोजन महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं बचाव हेतु की गई नालियों की साफ-सफाई

**प्रतापगढ़। अधिशासी** अधिकारी नगर पालिक परिषद बेल्हा राकेश कुमार ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा काशीराम कालोनी मलिन बस्ती में नाली की साफ-सफाई व एण्टी लार्वा एवं फागिंग का कार्य विगत चारा दिनों से नियमित रूप से कराया जा रहा है एवं समस्त 25 वार्डो में संचारी रोग के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाकर मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं बचाव हेतु नाला गैंग के माध्यम से नालियों की साफ-सफाई कार्य कराते हुये सिल्ट आदि का निस्तारण कार्य कराया गया। साथ ही नालियों में मैलाथियान, डेल्टाफाग, ब्लीचिंग पाउडर, सोडियम हाइपोक्लाराइड एवं टेमीफास का छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है। पालिका द्वारा समस्त वार्डो में रोस्टर के फागिंग कार्य कराया जा रहा है। साथ ही गर्मी के दृष्टिगत पालिका क्षेत्रान्तर्गत इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्प का मरम्मत एवं रिबोर का कार्य कराया जा रहा है एवं मुख्य मार्गो में स्थापित स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराते हुये प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार में बढ़ रही सहयोगियों की संख्या

**प्रतापगढ़। बेलखरनाथ** ब्लॉक क्षेत्र के फेनहा ग्रामसभा में प्राचीन मंदिर है। जहां पर हनुमान जी, सीताराम, दुर्गा जी व शंकर जी की मूर्ति स्थापित है। यह मंदिर काफी पुराना होने के कारण इसकी छत व दीवारें खराब हो गई हैं। पहले इसके जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन व ग्राम प्रधान से गुहार लगाई थी लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया तो ग्रामीण स्वयं आगे आए और एक दूसरे से सहयोग लेते हुए मंदिर में जीर्णोद्धार का कार्य शुरू करा दिया।अब तक मंदिर के जीर्णोद्धार में मनोज कुमार सिंह, विनोद यादव, मनोज वर्मा, अमित पांडे, हरीश चंद्र मौर्य, अजय सिंह, कप्तान पाण्डेय, प्रमोद कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, जय प्रकाश, नितेश कुमार सिंह, श्याम सुंदर तिवारी, भरत लाल उमर वैश्य, राजकुमार उर्फ नन्हें प्रधान पति ओझला, शिव शंकर सिंह, उमेश सिंह, बब्बू पांडेय, रामकुमार, अशोक, आशीष सिंह, अंकित सिंह, राकेश यादव, अंकित सिंह जनपद गोंडा, श्याम शंकर सिंह, सूरज सिंह, रोहित तिवारी सुल्तानपुर, पाण्डेय ट्रेडर्स मकरा, श्याम बहादुर सिंह, यशवीर सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, मारुत उमर वैश्य, राहुल सोनी, गोकुल नाथ श्रीवास्तव, उमेश सिंह, हैप्पी सिंह, बबलू सिंह, अनुपम सिंह, सिद्धार्थ सिंह रघुवर, भरतलाल तिवारी, अंकित अग्रहरी मुसाफिर खाना, आशीष सिंह प्रयागराज, जय प्रकाश सिंह, अनुराग सिंह गोंडे, रामदेव मौर्या, श्याम मोहन उमर वैश्य, रामचंद्र उमरवैश्य, संतोष सिंह डड़वा, सौरभ पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, घनश्याम उमर वैश्य, राहुल उमर वैश्य, आदर्श गुप्ता, गीता सिंह, विपिन सिंह काका,आदर्श सिंह,हरिनाथ सिंह,विपिन,राहुल सिंह, रविंद्र सिंह मिन्ने व वीरेंद्र सिंह बाबा, दीपक कुमार सिंह,हरिमंगल सिंह व मिंटू सिंह आदि ने सहयोग किया। मंदिर के पुजारी शिवकुमार पांडे ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य बेहतर ढंग से चल रहा है।वहीं मंदिर के जीर्णोद्धार(कार्य) की जिम्मेदारी अखिलेश मौर्या व भीम सिंह द्वारा निभाई जा रही है। इस मंदिर के जीर्णोद्धार की शुरूवात होने से ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दे रहा है।



## सम्पादकीय

# पाठ्यक्रम से हटाकर इतिहास बदलती सरकार

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा लिये गये एक हास्यास्पद फैसले में सातवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से मुगलों और दिल्ली सल्तनत के अध्याय हटा दिए हैं। भारतीय राजवंशों, महाकुंभ के संदर्भ और 'मेक इन इंडिया' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी हाल के शासकीय उपक्रमों को नए अध्यायों के रूप में शामिल किया गया है। इसी सप्ताह आई नई पाठ्यपुस्तकों में हुए ये परिवर्तन नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और शालेय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 के अनुरूप बताये गये हैं। हालांकि एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार यह किताबों का सिर्फ पहला भाग है। दूसरा भाग जल्दी ही आने की उम्मीद है। वैसे अधिकारी यह साफ नहीं कर पाये कि हटाए गए हिस्से दूसरे भाग में शामिल रहेंगे या नहीं। वैसे कोविड-19 के प्रकोप के बाद अध्ययन सामग्री को कम करने के लिये एनसीईआरटी ने भारतीय इतिहास के मुगल काल तथा दिल्ली सल्तनत से जुड़े अध्यायों को पहले से ही संक्षिप्त कर दिया था। इसमें तुगलक, खिलजी, लोदी और मुगल राजवंश के विवरण को संक्षिप्त कर दिया गया था। अब इन्हें पूरी तरह से हटा दिया गया है।

एक और बड़े बदलाव के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान की किताब 'समाज का अध्ययनः भारत और उसके आगे' में मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन जैसे प्राचीन भारतीय राजवंशों पर लिखे गये अध्याय शामिल हुए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को 'भारतीय लोकाचार' से परिचित कराना बतलाया गया है। इसी किताब में 'भूमि कैसे पवित्र बनती है?' शीर्षक से एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमें इस्लाम, ईसाई, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख धर्मों के लिए भारत और बाहर पवित्र माने जाने वाले स्थानों और तीर्थस्थलों की जानकारी दी गयी है। 'पवित्र भूगोल' अध्याय में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा और शक्ति पीठ जैसे स्थानों का विवरण है। इस पाठ में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का एक उद्धरण शामिल है, जिन्होंने भारत को 'तीर्थस्थलों की भूमि' बतलाया है। नयी पुस्तक के अनुसार वर्ण-जाति व्यवस्था ने प्रारम्भ में सामाजिक स्थिरता प्रदान की परन्तु वह बाद में जड़ हो गई। इसके चलते ब्रिटिश शासन के दौरान असमानताएं पैदा हुईं।

इसी वर्ष की 14 जनवरी से लेकर 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पर एक अध्याय का पुस्तक में समावेश किया गया है जिसमें बताया गया है कि आयोजन में 66 करोड़ लोगों ने भाग लिया। वैसे मेले में हुई भगदड़ का जिक्र नहीं है जिसमें अनेक तीर्थयात्री मारे गए थे और कई घायल हुए। नई किताब में 'मेक इन इंडिया', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'अटल सुरंग' पर अध्याय हैं जो 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आई भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्य हैं। इसमें भारतीय संविधान पर भी एक पाठ है। इसमें उल्लेख किया गया है कि एक समय था जब लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति नहीं हुआ करती थी।

# व्यापार की बदहाली और भारत

**- अरुण कुमार डनायक**

**भारत** 'जी-20,' 'शंघाई सहयोग संगठन' और 'ब्रिक्स' जैसे वैश्विक संगठनों में प्रभावी भागीदार है। अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने भारत 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' (सार्क) को पुनर्जीवित करने की दिशा में नेतृत्व करे। बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच, भारत को अपनी कूटनीतिक और आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा।



कभी राजनीति को समाजसेवा का माध्यम माना जाता था। पिछली सदी में महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, अब्राहम लिंकन जैसी विभूतियों ने नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति के जरिये सामाजिक बदलाव का कार्य किया, लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के साथ ही राजनीति की दिशा में अप्रत्याशित परिवर्तन देखने को मिला। जनकल्याण और मानवता की सेवा का माध्यम मानी जाने वाली राजनीति, अब व्यवसायिक हितों को साधने का उपकरण बनती दिखने लगी है ।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद कई देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। जॉर्डन, इजराइल, फ्रांस, ब्रिटेन, भारत और यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्ष उनसे मिलने 'व्हाइट हाउस' पहुंचे। इन बैठकों का केंद्र बिंदु ट्रम्प का प्रसिद्ध नारा 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और उनकी टैरिफ नीतियों की सख्त धमकियां रहीं। अधिकांश नेताओं ने ट्रम्प की नीतियों पर शांतिपूर्वक संवाद किया, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बातचीत ने अप्रत्याशित रूप ले लिया। ट्रम्प, उनके उपराष्ट्रपति वेंस और जेलेंस्की के बीच जिस तरह की तीखी बहस हुई, वैसी हालिया इतिहास में दुर्लभ है। इस तनावपूर्ण वार्ता ने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी, बल्कि वैश्विक राजनीति में भी नए समीकरणों के संकेत दिए।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दशकों तक एक-दूसरे के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस और अमेरिका के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। वहीं, अनुमान के विपरीत, राष्ट्रपति ट्रम्प का चीन के प्रति रवैया भी उतना सख्त नजर नहीं आ रहा। ग्रेट ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्य देश अमेरिका से धीरे-धीरे दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। 'गाजा पट्टी' से फिलिस्तीनियों को हटाए जाने की आशंका से ग्रस्त मध्य-पूर्व के देशों में भी ट्रम्प प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से न केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों, बल्कि वैश्विक व्यापार पर भी व्यापक प्रभाव पड सकता है। ऐसे में दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भारत के लिए भी यह परिदृश्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक विविधता और आर्थिक क्षमता के कारण भारत हमेशा से वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली भूमिका निभाता रहा है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के कूटनीतिक और आर्थिक हितों को सीधे प्रभावित करेंगे, जिससे नई नीतियों और रणनीतियों की आवश्यकता बढ़ जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की नीति संतुलन, बहुपक्षीय सहयोग और आत्मनिर्भरता पर आधारित रही है। वैश्विक व्यापार के संदर्भ में भारत अपनी उपस्थिति लगातार मजबूत कर रहा है, जहां निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और आयात भी रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुसार जारी है। हालांकि, व्यापार घाटे में असंतुलन एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है। ऐसे में, अमेरिका के द्वारा प्रस्तावित 'पारस्परिक टैरिफ' का भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, जिससे व्यापार संतुलन और आर्थिक वृद्धि पर दबाव बढ़ सकता है। इससे निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते, द्विपक्षीय निवेश संधि और अलग सामाजिक सुरक्षा समझौते को लेकर व्यापार वार्ताएं दोबारा शुरू की हैं। जहां ब्रिटेन ने भारत से कार, व्हिस्की और अन्य वस्तुओं पर शुल्क में कमी का अनुरोध किया है, वहीं भारत ने ब्रिटेन में अपने सेवा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए अधिक अवसर और आसान बाजार पहुंच की मांग रखी है।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर के बीच बातचीत ने दोनों देशों के मध्य व्यापार, ऊर्जा और निवेश में आपसी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। कतर, इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मध्यस्थ और प्रमुख खिलाड़ी है। भारत में प्राकृतिक गैस की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है, जिससे आने वाले पांच वर्षों में भारत के 'तरलीकृत प्राकृतिक गैस' (एलएनजी) आयात में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है। भारत और 'यूरोपीय संघ' के बीच व्यापार और निवेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों पक्ष ने व्यापक 'मुक्त व्यापार समझौते' पर पुनः वार्ता शुरू की है। 'यूरोपीय संघ' की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व में 'कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स' के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा, भारत और यूरोप के बीच द्विपक्षीय संबंधों के एक नए महत्वपूर्ण चरण की शुरूआत को दशार्ती है। भारत और 'यूरोपीय संघ' के बीच व्यापार और निवेश, तकनीकी सहयोग, हरित ऊर्जा समाधान, जन-से-जन संपर्क, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में वार्ता जारी है। 'यूरोपीय संघ' में बढ़ता भारतीय प्रवासी समुदाय बड़ी संख्या में छात्रों, शोधकताओं और कुशल पेशेवरों को शामिल करता है, जो दोनों पक्षों के संबंधों को और मजबूत बना रहा है। व्यापारिक पहलों के साथ-साथ, भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। भारत और चीन के संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल रहे हैं। व्यापार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी है, लेकिन सीमा विवाद और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते संबंधों में अक्सर तनाव भी देखने को मिलता है। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह इस विवाद का समाधान कूटनीतिक संवाद और समझदारी भरी रणनीति के माध्यम से निकाले, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग को मजबूती मिल सके। भारत के कुशल, लेकिन बेरोजगार पेशेवरों के लिए 'यूरोपीय संघ' में रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि भारत अपने 'कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों' की गुणवत्ता में सुधार करे। साथ ही, भारतीय युवाओं को अंग्रेजी के अलावा एक या दो यूरोपीय भाषाएं सिखाने के लिए विशेष संस्थान स्थापित किए जाएं, जिससे उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़े।

भारत को 'यूरोपीय संघ' के साथ 'कार्बन सीमा समायोजन तंत्र' पर प्रभावी वार्ता कर कुछ रियायतें प्राप्त करनी होंगी। भारत इस्पात और एल्युमिनियम जैसे उत्पादों का प्रमुख निर्यातक है, लेकिन इन पर कार्बन टैक्स लगाए जाने से भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, 'यूरोपीय संघ' भारतीय बाजार में कारों पर शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। यह न केवल भारतीय ऑटोमोबाइल निमार्ताओं के लिए प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है, बल्कि भारतीय सड़कों पर यूरोपीय कारों की संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे यातायात और सुरक्षा संबंधी नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। भारत को इस मांग को अत्यंत सावधानीपूर्वक और रणनीतिक रूप से संभालना होगा।

भारत 'जी-20,' 'शंघाई सहयोग संगठन' और 'ब्रिक्स' जैसे वैश्विक संगठनों में प्रभावी भागीदार है। अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने भारत 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' (सार्क) को पुनर्जीवित करने की दिशा में नेतृत्व करे।

# पौराणिक महत्व का त्योंहार है अक्षय तृतीया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**अक्षय** तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।



अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैसाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। "अक्षय" शब्द का अर्थ होता है जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियोंके प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है।

इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाये थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरूआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।

इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है।

देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

# भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकी हैं सबकी निगाहें

**- सुशील कुट्टी**



**आखिरकार**, जिन्ना-मुनीर के बावजूद, हम दो राष्ट्र हैं लेकिन एक दिल है और भारत-पाकिस्तान 'युद्ध' बहुत पहले भी हो चुके हैं। 'कारगिल युद्ध' एक दूर की याद बन चुका है। पाकिस्तान 'युद्ध' को टालने के लिए 'भारत के घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों में उलझे होने' का हवाला क्यों दे रहा है? पाकिस्तान का यह कहना कि नई दिल्ली 'बिना किसी सुबूत और जांच के इस्लामाबाद को दंडित करना चाहती है' ।

हमेशा तैयार, हमेशा सतर्क', 'एडीजीपीआई - भारतीय सेना' ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर यह दावा पोस्ट किया। पाकिस्तान और भारत ने एक दूसरे से निपटने की घोषणा कर दी है और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहते हैं कि युद्ध की स्थिति से निपटना भारत और पाकिस्तान पर निर्भर है, 'वे करीब हैं और कश्मीर 1500 वर्षों से उनके बीच है!'

भूल जाइए कि पाकिस्तान 1947 में बना था! पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कहते हैं कि इस्लामाबाद 'युद्ध' नहीं चाहता, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरूआती 'पृथ्वी के छोर तक पीछा करने' की धमकी के बाद सभी को उलझन में डाल दिया है। भारतीय इसे हिंदी में 'ऐन मौके पर धोखा' कहते हैं, जो 'पिच' के बजाय 'डिच' के लिए एक व्यंजना है। 'युद्ध' के लिए मोदी की पिच पुरानी, पुरानी, पुरानी हो गई है...

इतना ही नहीं, पाकिस्तान 'तटस्थ जांच' की मांग कर रहा है, जो पाकिस्तान के इस आरोप के साथ पूरी तरह मेल खाता है कि पहलगाम भारत का झूठा अभियान था! मरियम नवाज ऐसा कहती हैं। बिलावल भुट्टो और फवाद चौधरी भी ऐसा ही कहते हैं। शायद जेल की कोठरी में बंद इमरान खान भी ऐसा ही कहते हैं!

सिंधु नदी के प्रवाह पर खतरे की इस घड़ी में पूरा पाकिस्तान एकजुट है, 'गंगा-जमुना तहजीब' को भूल जाइए जो जिन्ना-मुनीर 'दो-राष्ट्र सिद्धांत', इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के अस्तित्व के कारण से मेल नहीं खाती!

रिपोर्ट कहती हैं कि जनरल मुनीर ने अपने परिवार को एक चार्टर्ड विमान में बिठाया और विमान रवाना हो गया! क्या पाकिस्तान, जो बहादुरी का देश है, ने पहले पलक झपकाई है? प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एबटाबाद में एक सैन्य अकादमी में कहा, 'पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।' यह वही इलाका है जहां ओसामा बिन लादेन ने अपने निमार्ता से मुलाकात की थी।

ओसामा को अमेरिकी 'सील्स' द्वारा समुद्र में एक सभ्य तरीके से दफनाया गया था- जो पाकिस्तान में घुस आये और बिन लादेन को पाकिस्तानी नाक के नीचे से छीन लिया- और अब शहबाज शरीफ कहते हैं कि 'पाकिस्तानी सेना किसी भी दुस्साहस के खिलाफ देश की संप्रभुता और इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। '

शहबाज ने फरवरी 2019 में भारत के लापरवाह आक्रमण के लिए पाकिस्तान की 'दृढ़ प्रतिक्रिया' की ओर इशारा किया और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद 'अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों' के एक समूह द्वारा किसी भी जांच में 'सहयोग करने के लिए तैयार' है। लेकिन इससे पहले कि कोई 'अंतरराष्ट्रीय निरीक्षक' इस आमंत्रण पर विचार कर पाता, पहलगाम की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फोर्स' ने यह कहते हुए अपना कदम पीछे खींच लिया कि वह दोषी नहीं है और उसकी वेबसाइट को 'हाईजैक' कर लिया गया है!

मौलिक प्रश्न यह है कि क्या 'युद्ध' होगा और 'युद्ध' को होने से कौन रोक रहा था? पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमला अब लगभग एक सप्ताह पुराना हो चुका है और पाकिस्तान की जीवनरेखा 'सिंधु' में बहुत कम पानी बह पाया है!

सिंधु जल संधि 1960 से चली आ रही है और भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी युद्ध से कोई फर्क नहीं पड़ा। आज, 'नई दिल्ली' आगे बढ़ गयी है और उसने 'संधि' के साथ-साथ अन्य 'उपाय' लागू किए हैं, जो पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पाकिस्तान में मीडिया ने प्रधानमंत्री मोदी को 'गुजरात का कसाई' कहना शुरू कर दिया है!

फिर भी 'युद्ध' का कोई संकेत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी किस बात का इंतजार कर रहे हैं और उनकी रणनीति क्या होगी? पाकिस्तानी रक्षा विशेषज्ञ तरह-तरह की बकवास फैला रहे हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि भारत ने अपने 'दूसरे हमले के परमाणु सिद्धांत' में संशोधन किया है। दूसरे शब्दों में, अब कोई 'गांधीगिरी' नहीं होगी और यह सब 'मुन्ना भाई, एमबीबीएस' की बदौलत है!

अटारी सीमा पर गंभीर स्थिति है। पाकिस्तानी उच्चायोग उदास और वीरान है। यह सब मायावी 'युद्ध' की तैयारी में है। भारत में पकड़े गये पाकिस्तानी रोते हुए चले गये हैं; कुछ भारत के अत्याचार से बचना चाहते हैं और अन्य दिल बचाने के लिए यहीं रहना चाहते हैं

लेकिन भारतीय गृह मंत्री अमित शाह हमेशा चांद पर दूर के आदमी की तरह दिखते हैं। मई 1, 2025 अटारी सीमा के माध्यम से प्रवेश करने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत छोड़ने का आखिरी दिन है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान ने भी अटारी के अपने हिस्से में बदला लिया। आखिरकार, जिन्ना-मुनीर के बावजूद, हम दो राष्ट्र हैं लेकिन एक दिल है और भारत-पाकिस्तान 'युद्ध' बहुत पहले भी हो चुके हैं। 'कारगिल युद्ध' एक दूर की याद बन चुका है। पाकिस्तान 'युद्ध' को टालने के लिए 'भारत के घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों में उलझे होने' का हवाला क्यों दे रहा है?

# तुरंतपुर गांव मे खूनी संघर्ष दोनों पक्ष से बारह घायल

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । गोपीगंज** थाना क्षेत्र के तुरंत पुर गांव में सोमवार की रात दो पक्षों मे हुई खूनी संघर्ष मे दोनों पक्ष से एक दर्जन लोग घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्राथमिक उपचार के बाद दोनो पक्ष से दी गई तहरीर पर पुलिस कार्रवाई कर रही है । बताया जाता है कि गांव निवासी रत्नेश सेठ



सोमवार की रात अपने परिवार भाई भतीजो के साथ बैठ कर बात कर रहे थे इस दौरान आदित्य सेठ घर पर पहुच का गाली देने लगे' मना करने पर उनके परिवार के लोग पहुच गए और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों मे मारपीट शुरू हो गई, लाठी डंडा व धारदार हथियार से हुई मारपीट 12 लोग घायल हो गए । घायलों में एक पक्ष के रत्नेश 40 वर्ष,अनूज सेठ 19, हृदय लाल सेठ 62, रजत सेठ 17, सचिन सेठ 22, लक्ष्मी चंद 35, आकाश सेठ 25 व दूसरे पक्ष से मुन्नू 66,पप्पू सेठ 32, नन्हे सेठ 30 वर्ष, बबलू सेठ 39 वर्ष, आदित्य सोनी 18 वर्ष शामिल है। घायलो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे कराया गया। मारपीट के मामले दोनों पक्ष की तहरीर पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# दिव्यांग छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में समाजवादी छात्रसभा ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**दोषी अधिकारियों पर निलंबन की मांग नहीं तो होगा उग्र आंदोलन**




**चित्रकूट। जगद्गुरु** रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना के विरोध में समाजवादी छात्रसभा ने मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में छात्रसभा प्रतिनिधिमंडल ने डीएम चित्रकूट के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

रोहित यादव ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल को विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्र परीक्षा मूल्यांकन व मूलभूत सुविधाओं को लेकर कुलपति से मिलना चाह रहे थे, लेकिन उन्हें मिलने से रोक दिया गया। जब छात्रों ने अपनी मांगों को उठाया तो प्रशासन ने उन पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज करा दिया, जिससे कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप लगाया कि पहले भी जब छात्र अपनी समस्याएं उठाते थे, तब विश्वविद्यालय प्रशासन उन्हें नजरअंदाज करता था और अब शांतिपूर्वक मांग उठाने पर उन पर बल प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं, पीड़ित छात्रों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश भी नाकाम रही। छात्रसभा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि दोषी विश्वविद्यालय अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर निलंबन की कार्रवाई की जाए और पीड़ित छात्रों को न्याय दिलाया जाए। रोहित यादव ने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी छात्रसभा बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं छात्र नेता मौजूद रहे।

# कानून पर अफसरशाही का तख्त- चित्रकूट में न्याय का बदलता चेहरा

- **संविधान की दो किताबें?**
- **संविधान से बड़ी अफसरशाही?**

**निरंजन पाण्डेय**

**चित्रकूट। जब** कानून का मजाक उड़ाया जाता है, तो उसकी सख्त गूंज सुनाई देती है। और जब अफसरशाही संविधान से भी बड़ी हो, तो जिले में न्याय की उम्मीद सिर्फ किताबों तक सीमित रह जाती है। हाल ही में दो घटनाओं ने जिला प्रशासन की सच्चाई खोल कर रख दी है, जहाँ एक ओर ईमानदारी की मिसाल पेश करने का दावा किया गया, वहीं दूसरी ओर प्रशासन के दोहरे मापदंड सामने आए।

पहली घटना, जहाँ दिव्यांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने आरोप लगाया कि बेडीपुलिया रोड पर दबंगों ने उनकी गाड़ी रोकी, गालियाँ दीं और जान से मारने की कोशिश की। प्रशासन ने बिना वक्त गंवाए मुकदमा दर्ज किया, आरोपियों को अंदर किया और मामले की जांच शुरू कर दी। लेकिन क्या यह सिर्फ एक प्रभावी प्रोफेसर के कारण हुआ? या यह ईमानदार पुलिस की कार्रवाई थी ? वहीं दूसरी तरफ, उसी विश्वविद्यालय के छात्र जब खुलेआम लाठियों से हमला झेल रहे थे, तो प्रशासन की चुप्पी ने सबको चौंका दिया। हमले का वीडियो वायरल हुआ, सैकड़ों बच्चों के पास सबूत थे, लेकिन अधिकारी सिर्फ एक-दूसरे के तरफ देखते रहे? क्या यही वो प्रशासन है, जो शिकायत पर तत्काल काम करता है?

कितनी अजीब बात है कि जब कोई प्रोफेसर की जान पर बन आई, तो त्वरित कार्रवाई हुई, लेकिन सैकड़ों छात्रों की जान पर लाठियां बरसने के बावजूद, सिर्फ औपचारिकताएँ निभाई गईं। क्या यह साबित नहीं करता कि चित्रकूट में संविधान की दो किताबें चल रही हैं? एक संविधान की और दूसरी अफसरशाही की, जिसमें शक्ति व प्रभाव के हिसाब से न्याय का निर्धारण होता है।

तो सवाल है कि क्या हमारे प्रशासनिक अधिकारी संविधान के अनुशासन से बाहर अफसरशाही के नियमों को मानते हैं? या फिर यह सिर्फ एक और मिसाल है, जिसमें दबंगों और प्रभावशाली लोगों के लिए कानून का चेहरा अलग और आम जनता के लिए कुछ और ही होता है? कहानी सिर्फ एक जिले की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की सच्चाई की ओर इशारा करती है, जहाँ अफसरशाही का चक्र संविधान से कहीं बड़ा हो चुका है।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में चार दोषियों को चार-चार साल की सजा

**चित्रकूट। पुलिस** महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान में जिले में एक अहम सफलता मिली है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने सोमवार को गैर इरादतन हत्या के प्रयास के एक मामले में चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार-चार वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक पर 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दोषी पाए गए आरोपियों में शंकर दयाल मिश्रा पुत्र रामप्रकाश मिश्रा, प्रताप नारायण मिश्रा पुत्र शंकर दयाल, देवेंद्र मिश्रा पुत्र शंकर दयाल तथा शिव दयाल मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रामप्रकाश मिश्रा, सभी निवासी कस्बा रैपुरा थाना रैपुरा, चित्रकूट शामिल हैं। घटना 30 दिसंबर 2020 की है, जब वादी सूरज उपाध्याय पुत्र रामबाबू निवासी कस्बा रैपुरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उक्त आरोपियों ने उन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया, जिससे वे बेहोश हो गए थे। मामले की विवेचना तत्कालीन दारोगा शिवपूजन यादव ने गंभीरता से की गई व 24 फरवरी 2021 को न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया गया। जिसके बाद एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई हुई।

## आज है पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि

**चित्रकूट। उत्तर** प्रदेश के राजकीय, सहायता प्राप्त व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश को आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 से 28 मई के बीच आयोजित की जाएगी।

डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को हाई स्कूल व फामेर्सी को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र आवेदन के पात्र हैं। परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ऑनलाइन काउंसलिंग से प्रवेश होगा। बिना प्रवेश परीक्षा के किसी भी संस्थान में प्रवेश नहीं मिलेगा। राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ और मानिकपुर ने पॉलिटेक्निक चलो अभियान में जनपद में तकनीकी शिक्षा के लिए जागरूकता फैलाई गई है। कंपनियों द्वारा कैंपस इंटरव्यू कर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि वार्षिक शुल्क 11,000 रूपए है जबकि छात्रवृत्ति 15,000 रूपए तक मिलती है।

# नगर पालिका की विशेष बजट बैठक में 54.32 करोड़ का बजट पारित

- **विकास योजनाओं पर रहा जोर**



**चित्रकूट। चित्रकूटधाम** नगर पालिका परिषद की विशेष बजट बैठक मंगलवार को पालिका कार्यालय में हुई। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने की, जबकि अधिशाषी अधिकारी लाल जी बैठक सचिव के रूप में रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर पालिका परिषद का 54.32 करोड़ रुपये का अनुमानित आय बजट एवं 52.96 करोड़ रुपये के व्यय बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की मूल आय 38.09 करोड़ रुपये एवं व्यय 35.59 करोड़ रुपये को भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिसमें तीन अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली। बैठक में पालिका के अधिकांश सभासदों ने भाग लिया और सभी ने शहर की मूलभूत आवश्यकताओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से अपने सुझाव रखे। विशेष बजट बैठक में मौजूद प्रमुख सभासदों में सुखदेवी, रानी, नीतू सिंह, पवन कुमार, संदीप, राजकमल वर्मा, राजकुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार, सुनीता देवी, नीलम, हेमलता, ओंकार कुमार, पूजा, मोहम्मद लतीफ, बल्लूराम, कान्हा केशरवानी, शकुंतला गुप्ता, अनुज निगम, शंकर यादव, शैलेन्द्र सोनी, शुभम केशरवानी, सुखरनिया देवी व विनीत पयासी शामिल रहे। वहीं पालिका के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी में अवर अभियंता शुभम तिवारी, राजस्व निरीक्षक राहुल पाण्डेय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, वरिष्ठ सहायक कर्मोत्तम सिंह, राजस्व लिपिक प्रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लेखा लिपिक सुभाष गुप्ता, निर्माण लिपिक ज्ञानचंद्र गुप्ता, सफाई लिपिक राजेन्द्रराम व प्रकाश निरीक्षक अशरफ खां सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## पत्रकारों से बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने की वार्ता



**बाँदा। पुलिस** अधीक्षक द्वारा जनपद के पत्रकार बंधुओं के साथ की गई पत्रकार वार्ता । बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए गए महत्वपूर्ण सुझाव । घटनाओं में ससमय वीडियो बाइट व विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में मीडिया सेल को किया गया निर्देशित ।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता की गई । इस अवसर पर पुलिस-पत्रकार समन्वय को सुदृढ़ बनाने तथा जनहित से जुड़ी सूचना व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया । प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकार बंधुओं द्वारा कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा, पुलिस की कार्यप्रणाली, सूचना आदान-प्रदान की प्रक्रिया तथा आपसी सहयोग को बढ़ाने के संबंध में उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सुझावों को गंभीरता से सुना गया एवं उपयुक्त सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन भी प्रदान किया गया । पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए यह भी कहा कि मीडिया और पुलिस के बीच समन्वय जनहित में कार्य करने की दिशा में एक मजबूत आधार है । जनपद की सुरक्षा, शांति और सुचारु कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी का सहयोग अपेक्षित है । पत्रकार बंधुओं ने विभिन्न घटनाओं एवं गिरफ्तारियों के संबंध में वीडियो बाइट एवं विवरण उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया घटनाओं के संबंध में वीडियो बाइट एवं विवरण समय से मीडिया बंधुओं को उपलब्ध कराएं ।

## रामपुर के प्रधान का आरोप-फेल हुआ नमामि गंगे का सर्वे, गांव में पेयजल संकट गहराया

**मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर** विकासखंड के रामपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत नमामि गंगे योजना पर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव के प्रधान आनंद सिंह पटेल ने आरोप लगाया है कि योजना के तहत हुई टंकी की स्थापना का सर्वे पूरी तरह विफल रहा, जिससे गांव आज भी पेयजल संकट से जूझ रहा है।

प्रधान ने बताया कि नमामि गंगे योजना की टीम ने टंकी निर्माण के लिए गलत जगह का चयन किया। सर्वे में गांव की ऊंचाई को ध्यान में नहीं रखा गया, परिणामस्वरूप टंकी निचले हिस्से में बन गई और जल सप्लाई ऊपर बसे अधिकांश हिस्सों तक नहीं पहुंच पा रही है। गांव में वर्तमान में सिर्फ 2-3 बोरिंग ही हैं और लोगों को पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। हालांकि टैंकर से अस्थायी तौर पर पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। प्रधान ने प्रशासन से गांव में दूसरी टंकी की मांग की है ताकि पूरे गांव को समुचित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# चित्रकूटधाम मण्डल में पेयजल संकट से निपटने हेतु आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक



**बाँदा। आगामी** ग्रीष्म ऋतु में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए चित्रकूटधाम मण्डल, के आयुक्त की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग, जल संस्थान, जल निगम (ग्रामीण एवं नगरीय), सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, नलकूप विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।

आयुक्त महोदय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मण्डल में कहीं भी पेयजल या विद्युत आपूर्ति की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी विभाग पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें और समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। बैठक में निम्न निर्देश दिए गएरू सिंचाई विभाग को सूखा प्रभावित व खाली तालाबों में नहरों के माध्यम से पानी भराने के निर्देश दिए गए।

जल निगम (ग्रामीण) को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने को कहा गया।

पंचायतीराज विभाग को संकटग्रस्त ग्रामों की पहचान कर वहाँ पानी टैंकर के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने व मरम्मत योग्य हैण्डपम्प व टैंकरों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।

विद्युत विभाग को पेयजल आपूर्ति के समय किसी भी दशा में विद्युत कटौती न करने व रोस्टर के अनुसार आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में टोल फ्री नंबर की वॉल पेंटिंग कराना एवं लटकी हुई तारों और झुके खंभों को सुधारने का निर्देश दिया गया।

नलकूप विभाग को ट्यूबवेल से नजदीकी तालाबों व पोखरों में पानी भराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

जल संस्थान को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और आवश्यकता होने पर टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पेयजल और विद्युत आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी भी विभाग से शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# मायके का बहाना बनाकर प्रेमी संग फरार हुई दो बच्चों की मां

**पहाड़ी/चित्रकूट। जिले** के पहाड़ी थाना क्षेत्र के असोह गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां दो मासूम बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ बच्चों को लेकर फरार हो गई। महिला मायके जाने का बहाना बनाकर घर से निकली थी, लेकिन आठ दिन बीत जाने के बावजूद न तो वह मायके पहुंची और न ही घर वापस लौटी। पति ने जब खोजबीन शुरू की तो सच्चाई सामने आई कि पत्नी बच्चों समेत किसी और के साथ चली गई है। पीड़ित पति का आरोप है कि प्रेमी के साथ रहने पर बच्चों की जान को खतरा हो सकता है। इस मामले में पति ने पहाड़ी थाने में तहरीर दी है, जिसमें उसने एक व्यक्ति पर पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और बच्चों को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। गांव और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है, वहीं सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिये भी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने इस पर संज्ञान लेते हुए एक वीडियो बाइट जारी की है।

बताया कि महिला के पति और सास-ससुर ने एक प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसमें बताया गया है कि उनकी बहू, जो दो छोटे बच्चों की मां है, मायके जाने के नाम पर घर से निकली थी लेकिन अब तक वहां नहीं पहुंची है। परिजनों ने एक व्यक्ति पर शक जाहिर किया है कि वह बहला-फुसलाकर ले गया है। प्रथम प्राथमिकता महिला और बच्चों की सुरक्षित बरामदगी है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह से बचने का आह्वान, डीपीओ ने दी जनजागरूकता की अपील

**चित्रकूट। जिला** प्रोबेशन अधिकारी एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने जिले वासियों से अपील की है कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर किसी भी प्रकार के बाल विवाह से पूरी तरह बचें और ऐसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से शुभ कार्यों की तिथि माना जाता है, लेकिन इस दिन बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की संभावना भी बनी रहती है।

बाल विवाह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक व सामाजिक विकास पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। डीपीओ ने बताया कि बाल विवाह संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। भारत में विवाह हेतु बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा बालिका की 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

यदि किसी को बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचित कर सकते हैं।

# सराफा कारोबारियों को दिया गया सुरक्षा का मंत्रः एसपी ने की गोष्ठी

- **सतर्कता को बताया रक्षा कवच**
- **सराफा व्यापारियों के साथ सुरक्षा संवाद**



**चित्रकूट। बढ़ते** आपराधिक जोखिमों के बीच मंगलवार को राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी की गई, जिसमें जिले के सभी प्रमुख सराफा व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। इस गोष्ठी की अध्यक्षता एसपी अरुण कुमार सिंह ने की, जबकि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ फहद अली विशेष रूप से मौजूद रहे।

गोष्ठी में एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज के समय में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। व्यापारियों को सुझाव दिया कि वे जेवरात और नकदी लेकर अकेले यात्रा न करें, खासकर बाइक से। यात्रा में चारपहिया वाहन का प्रयोग करें और कम से कम दो व्यक्ति साथ रहें। सुरक्षा उपायों की बात करते हुए उन्होंने दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगवाने, दुकानों के बाहर उचित रोशनी की व्यवस्था करने और बाजार में पुरानी चौकी व्यवस्था को पुनः सक्रिय रखने का सुझाव दिया। एएसपी ने इसमे कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी को बिना सत्यापन के नियुक्त न करें। इससे संभावित खतरे से समय रहते बचा जा सकता है। अग्नि सुरक्षा के पहलू पर भी ध्यान खींचते हुए अधिकारियों ने वायरिंग की समय-समय पर जांच कराने और खराब वायरिंग को तत्काल बदलवाने की सलाह दी, जिससे शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं से बचा जा सके। इस दौरान पीआरओ प्रवीण सिंह सहित जिले के कई सराफा व्यापारी मौजूद रहे।

# चीन के लियाओयांग शहर के रेस्तरां में आग लगने से 22 लोगों की मौत, 3 घायल

**चीन**
**रेस्तरां** में लगी आग इस महीने चीन में दूसरी बड़ी आग की घटना है। इससे पहले, उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में नर्सिंग होम में आग लगने के समय इमारत में कुल 39 बुजुर्ग लोग मौजूद थे। खराब रखरखाव वाला बुनियादी ढांचा, अवैध रूप से संग्रहीत रसायन और अग्नि निकास और अग्निरोधी की कमी, जो अक्सर भ्रष्टाचार द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, अक्सर ऐसी आपदाओं के कारक होते हैं। चीन के लियाओनिंग प्रांत के आयोयांग शहर में मंगलवार को लगी भीषण आग में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आग दोपहर 12:25 बजे लगी, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग के कारणों का अभी पता लगाया



जा रहा है, लेकिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है।
रेस्तरां में लगी आग इस महीने चीन में दूसरी बड़ी आग की घटना है। इससे पहले, उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में नर्सिंग होम में आग लगने के समय इमारत में कुल 39 बुजुर्ग लोग मौजूद थे। खराब रखरखाव वाला बुनियादी ढांचा, अवैध रूप से संग्रहीत रसायन और अग्नि निकास और अग्निरोधी की कमी, जो अक्सर भ्रष्टाचार द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, अक्सर ऐसी आपदाओं के कारक होते हैं।
अगर आग रसोई में लगी है, तो यह पारंपरिक रूप से बड़ी खुली आग के इस्तेमाल से संबंधित हो सकती है जिस पर लोहे की कड़ाही का इस्तेमाल बर्तन पकाने के लिए किया जाता है। चीन भर में भोजन करने वाले लोग "हॉट पॉट" नामक एक डिश का भी आनंद लेते हैं जिसमें मांस और सब्जियों को खुली लपटों पर पकाया जाता है। लियाओनिंग प्रांत में लियाओयांग, चीन के जंग खाए हुए क्षेत्र का हिस्सा है, जो एक पूर्व औद्योगिक पावरहाउस है जो काफी आबादी के पलायन के कारण मुश्किल दौर से गुजर रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया।

# पाकिस्तान के सामने बड़ा सवाल : नवाज ने पीएम शहबाज को दी क्या नसीहत?

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई और मौजूदा पीएम शहबाज शरीफ को भारत के साथ शांति बहाल करने के लिए सभी उपलब्ध राजनयिक संसाधनों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वह आक्रामक रुख अपनाने के खिलाफ हैं।
दोनों भाइयों ने रविवार शाम लाहौर में मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संस्थापक नवाज को भारत के खिलाफ लिए गए उनकी सरकार के फैसलों के बारे में जानकारी दी। ये निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक के बाद घोषित किए गए थे।
सूत्र ने बताया, "प्रधानमंत्री शहबाज ने अपने बड़े भाई और पार्टी संस्थापक से कहा कि सिंधु



जल संधि को निलंबित करने के भारत के एकतरफा फैसले से क्षेत्र में युद्ध का खतरा बढ़ गया है।" नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री शहबाज को सलाह दी कि वे इस मामले पर कोई आक्रामक रुख न अपनाएं और तनाव कम करने के लिए कूटनीतिक माध्यमों का इस्तेमाल करें।
पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, जैसे कई कदम उठाए हैं।
भारत के इन फैसलों के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित करने और भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने जैसे कुछ कदम उठाए हैं। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।
इस हमले की जिम्मेदारी 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली, जो पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा है।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष : पुतिन की मई में तीन दिवसीय युद्धविराम की घोषणा

**मॉस्को। रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अगले महीने विजय दिवस समारोह के मद्देनजर यूक्रेन में 72 घंटे के युद्धविराम की घोषणा की। क्रेमलिन ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।
बयान में कहा गया, "रूसी संघ के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सुप्रीम कमांडर-इन-चीफ वी.वी. पुतिन के आदेश से विजय की 80वीं वर्षगांठ के दिनों के दौरान, [7-8 मई की मध्यरात्रि से 10-11 मई की मध्यरात्रि तक], रूसी पक्ष युद्धविराम की घोषणा करता है। इस अवधि के लिए सभी सैन्य कार्रवाइयां निलंबित की जाती हैं।"
इसमें कहा गया, "रूस का मानना है कि यूक्रेनी पक्ष को इस उदाहरण का अनुसरण करना चाहिए। यूक्रेनी पक्ष की तरफ से युद्धविराम का उल्लंघन होने पर रूसी सशस्त्र बल पर्याप्त और प्रभावी प्रतिक्रिया देंगे। रूसी पक्ष एक बार फिर बिना किसी पूर्व शर्त के शांति वार्ता के लिए अपनी तत्परता की घोषणा करता है, जिसका उद्देश्य यूक्रेनी संकट के मूल कारणों को खत्म करना और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ रचनात्मक बातचीत करना है।"
रूस में विजय दिवस हर वर्ष 9 मई को मनाया जा है। इस दिन मॉस्को में विजय दिवस परेड आयोजित की जाती है। यह रूस के सबसे महत्वपूर्ण राजकीय समारोहों में से एक है, जो दूसरे विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत सेना की जीत की याद में मनाया जाता है। इस साल का आयोजन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह यूरोप में युद्ध की समाप्ति की



80वीं वर्षगांठ है।
इस बीच रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।
बयान में कहा गया, "बातचीत का फोकस यूक्रेन संकट पर था।
दोनों विदेश मंत्रियों ने दीर्घकालिक स्थायी शांति के लिए वार्ता शुरू करने के लिए जरुरी परिस्थितियों को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।"
इसमें कहा गया, "दोनों पक्षों ने रूस-अमेरिका राजनीतिक वार्ता के प्रमुख पहलुओं पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान जारी रखा, जो हाल में काफी तेज हो गया है।"
इससे पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन बिना किसी पूर्व शर्त के यूक्रेन के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं।

# फुच्येन में 8वां डिजिटल चाइना निर्माण शिखर सम्मेलन, तैयारियां पूरी




**बीजिंग। चीन** के फुच्येन प्रांत के फुचो शहर में 29 अप्रैल को 8वां डिजिटल चाइना निर्माण शिखर सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, इस आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इसके तहत 56 हजार वर्ग मीटर का ऑन-साइट अनुभव क्षेत्र सोमवार से आम जनता के लिए खोल दिया गया, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा तत्वों से जुड़ी तकनीकों को प्रमुखता से पेश किया जाएगा।
नवीनतम कार्यक्रम के अनुसार, इस शिखर सम्मेलन में उद्घाटन समारोह, मुख्य मंच और 20 उप-मंच शामिल होंगे। इन मंचों पर नई पीढ़ी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा संसाधनों के विकास व उपयोग जैसे अत्याधुनिक विषयों पर चर्चा होगी। "डिजिटल इंटेलिजेंस लीड्स हाई-क्वालिटी डेवलपमेंट" थीम के तहत आयोजित इस सम्मेलन में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्नत और घरेलू स्तर पर अग्रणी अनुसंधान एवं विकास उपलब्धियां और समाधान प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें बड़े मॉडलों और राष्ट्रीय डेटा बुनियादी ढांचे के निर्माण से जुड़े हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर भी शामिल हैं।
चीनी राष्ट्रीय डेटा ब्यूरो के व्यापक विभाग के उप निदेशक काओ प ने जानकारी दी कि अब तक सम्मेलन में भाग लेने के लिए 37 हजार से अधिक लोग पंजीकृत हो चुके हैं। वहीं, ऑन-साइट अनुभव क्षेत्र में 400 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं।

# ट्रूडो सरकार में किंगमेकर की हैसियत रखने वाले खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह और उनकी पार्टी की करारी हार

**ओटावा। कनाडा** की राजनीति में कभी किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले जगमीत सिंह संसद का चुनाव हार गए हैं और उनकी पार्टी को भी करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है।
खालिस्तान समर्थक सिंह, को पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रुख के लिए जिम्मेदार कारणों में से एक माना जाता है।
ट्रूडो अपनी अल्पमत सरकार को सत्ता में बनाए रखने के लिए उन पर निर्भर थे। अब, सिंह व्यक्तिगत रूप से पराजित हो चुके हैं, उनकी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (एनडीपी) अप्रासंगिक हो गई है। पिछले हाउस ऑफ कॉमन्स में एनडीपी को 24 सीटें मिली थीं, जो इस बार घटकर सात रह जाने की उम्मीद है। पार्टी ने चार सीटें जीत ली है और खबर लिखे जाने तक तीन पर आगे चल रही थी।
सिंह ने अपने समर्थकों से कहा, "मुझे निराशा है कि हम और सीटें नहीं जीत पाए, लेकिन मैं अपने आंदोलन से निराश नहीं हूं।" उन्होंने कहा कि जैसे ही नया नेता चुना जाएगा, वे पार्टी का नेतृत्व छोड़ देंगे। सिंह ब्रिटिश कोलंबिया के बर्नबी सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे स्थान पर आए, लिबरल पार्टी के विजेता और कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार से पीछे।
पेशे से वकील, सिंह 2017 में



एनडीपी के नेता बने और 2019 में संसद के लिए चुने गए। उन्होंने सरकार में शामिल हुए बिना ट्रूडो को अपनी पार्टी का समर्थन दे दिया। पूर्व पीएम की लिबरल पार्टी के पास तब बहुमत नहीं था।
पिछले वर्ष उन्होंने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी ट्रूडो से अपना समर्थन वापस ले रही है। इसके बाद ट्रूडो ने इस वर्ष इस्तीफा दे दिया, क्योंकि एनडीपी के बिना विश्वास मत का सामना करना उनके लिए संभव नहीं था।
वर्ष की शुरूआत में, कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के सर्वे में एनडीपी को 17.4 प्रतिशत समर्थन प्राप्त हुआ था।
हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कनाडा के खिलाफ टैरिफ युद्ध और उसे अपने में मिलाने की धमकियां एनडीपी के नुकसान की बड़ी वजह बनी। कनाडा की जनता ने देश के लिए सबसे अच्छी सुरक्षा के रूप में संकटग्रस्त लिबरल पार्टी का समर्थन किया। वहीं चुनाव की पूर्वसंध्या पर एनडीपी का समर्थन आधा होकर 8.1 प्रतिशत रह गया।

# हथियारों पर राष्ट्र के विशेष नियंत्रण के लिए शांति और जिम्मेदारी से काम जारी : लेबनानी राष्ट्रपति

**बेरूत। लेबनान** के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सोमवार को कहा कि लेबनान हथियारों पर राज्य का विशेष नियंत्रण स्थापित करने के लिए 'शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से' कदम उठा रहा है।
सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, औन ने बाबदा पैलेस में फ्रांसीसी सीनेट के एक प्रतिनिधिमंडल यह बात कही। उन्होंने कहा, "नागरिक शांति की रक्षा के लिए हथियारों पर राज्य का विशेष नियंत्रण स्थापित करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय जिम्मेदारी की उच्च



भावना के साथ संचालित की जा रही है।"
औन ने कहा, "युद्ध की भाषा पर दोहराने पर रोक है - यह संदेश सभी संबंधित पक्षों को स्पष्ट रूप से दिया गया है - और यह एक एकीकृत लेबनानी मांग है।"
राष्ट्रपति ने कहा कि लेबनानी सीमा पर पांच पहाड़ियों से हटने से इजरायल के इनकार से राज्य 'अपने क्षेत्र पर अपने अधिकार का पूरी तरह से प्रयोग करने में असमर्थ हो गया है' और 'सीमा पर स्थिरता बाधित हुई है।'
समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, औन ने यह भी कहा कि लेबनान और सीरिया ने 'सीमा पर किसी भी सुरक्षा घटना से बचने और समन्वय के लिए' संवाद बनाए रखा है। औन ने कहा, "जैसा कि मैंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा था, राज्य के ढांचे के बाहर हथियारों या सशस्त्र समूहों के लिए कोई जगह नहीं है।

# कनाडा चुनाव : लिबरल पार्टी की चौथी बार सत्ता में वापसी, ट्रंप के 'टैरिफ युद्ध' ने आसान बनाई मार्क कार्नी की राह

**ओटावा। कनाडा** की लिबरल पार्टी ने चौथी बार सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में मिली यह जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है क्योंकि साल की शुरूआत में पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर मानी जा रही थी। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है।
कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने हार कबूल कर ली और मंगलवार की सुबह कार्नी को बधाई देते हुए उनकी जीत की पुष्टि की।
जीत की घोषणा करते हुए कार्नी ने कहा, "हम अपने महान देश के लिए एक स्वतंत्र भविष्य का निर्माण करेंगे।"
हालांकि खबर लिखे जाने तक कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लिबरल पार्टी 146 सीटें जीत चुकी है जबकि 22 पर वह आगे चल रही है। इस तरह से वह 168 सीट जीत सकती हैं। अभी यह साफ नहीं है कि लिबरल पार्टी बहुमत हासिल करेगी या नहीं। बहुमत का जादुई आंकड़ा 172 है।
343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी ने पिछली बार 152 सीटें थीं। कंजर्वेटिव पार्टी ने 128 सीटें जीती हैं जबकि 16 पर वह आगे चल रही है।
कनाडा की राजनीति में कभी किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले जगमीत सिंह संसद का चुनाव हार गए हैं और उनकी पार्टी को भी करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है।
खालिस्तान समर्थक सिंह, को पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रुख के लिए जिम्मेदार कारणों में से एक माना जाता है।
ट्रूडो अपनी अल्पमत सरकार को सत्ता में बनाए रखने के लिए उन पर निर्भर थे। अब, सिंह व्यक्तिगत रूप से पराजित हो चुके हैं, उनकी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (एनडीपी) अप्रासंगिक हो गई है।
पिछले हाउस ऑफ कॉमन्स में एनडीपी को 24 सीटें मिली थीं, जो इस बार घटकर



सात रह जाने की उम्मीद है। पार्टी ने चार सीटें जीत ली है और खबर लिखे जाने तक तीन पर आगे चल रही थी।
वर्ष की शुरूआत में लिबरल पार्टी अपमानजनक हार की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़कर और देश को अमेरिका में मिलाने की धमकी देकर सारा खेल पलट दिया।
ट्रंप के खिलाफ विद्रोह और राष्ट्रवाद की भावनाओं के जागने के साथ ही पार्टी के लिए समर्थन बढ़ गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# डीडब्ल्यू का 'फ्रीडम ऑफ स्पीच अवॉर्ड' जॉर्जिया की पत्रकार को

**जॉर्जिया**
**जॉर्जिया** की प्रतिष्ठित पत्रकार टमार किंत्सुराश्विली को इस साल के 'फ्रीडम ऑफ स्पीच अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है. बढ़ते दबाव के बीच वह बरसों से फेक न्यूज और डिसइंफॉर्मेशन से लड़ रही हैं.
1991 में जब जॉर्जिया ने आजादी की घोषणा की, तो टमार किंत्सुराश्विली को अपना मकसद मिल गया. वह लोकतंत्र को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती थीं. डीडब्ल्यू से उन्होंने कहा, "सोवियत सिस्टम में आपके पास कोई आवाज नहीं थी, अधिकार नहीं थे. आप एक अधिनायकवादी तंत्र का हिस्सा थे." किंत्सुराश्विली के मुताबिक, "लोकतंत्र में आप, अपनी सरकार को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं, और एक सक्रिय नागरिक होना आपकी जिम्मेदारी है." आगे वह कहती हैं, "और यहां मीडिया सक्रिय भूमिका निभाता है, वो भी ताकत की अलग-अलग शाखाओं को संतुलित कर."
किंत्सुराश्विली एक पत्रकार के तौर पर काम कर चुकी हैं. अब वह जॉर्जिया की राजधानी में मीडिया विकास का काम कर रहे स्वतंत्र फाउंडेशन की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर हैं. यह फाउंडेशन नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की वकालत करता है. किंत्सुराश्विली वहां फैक्ट चेकिंग (तथ्यों की पड़ताल) और नफरती भाषण को लेकर वर्कशॉप ऑफर करती हैं. लेकिन जॉर्जिया में बढ़ते दबाव के बीच उनका काम मुश्किल होता जा रहा है.
इन प्रयासों और समर्पण के लिए, 55 साल की किंत्सुराश्विली को डीडब्ल्यू ने इस साल 'फ्रीडम ऑफ स्पीच अवॉर्ड' से सम्मानित किया है. 2015 से, डीडब्ल्यू 'फ्रीडम ऑफ स्पीच अवॉर्ड' दुनियाभर में प्रेस की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की चिंताजनक स्थितियों की ओर ध्यान आकर्षित करने वाले पत्रकारों और मानवाधिकार के रक्षकों को सम्मानित कर रहा है.
यूलिया नवालन्या को 2024 का डीडब्ल्यू फ्रीडम ऑफ स्पीच अवॉर्ड
डीडब्ल्यू के महानिदेशक पेटर लिम्बुर्ग के मुताबिक, इस वर्ष का सम्मान जॉर्जिया में डिसइंफॉर्मेशन से लड़ने की किंत्सुराश्विली की इच्छाशक्ति को रेखांकित करता है.
लिम्बुर्ग ने कहा, "देश और विदेश से दुष्प्रचार का मुकाबला करने के उनके प्रयास 'प्रेस फ्रीडम' और 'फ्री स्पीच' के साथ-साथ मीडिया में लोगों के विश्वास के लिए अपरिहार्य हैं." डीडब्लूय के



डायरेक्टर जनरल ने आगे कहा, "वर्तमान में देश एक चौराहे पर है, संसद बिना सक्रिय विपक्ष के है, ईयू में शामिल होने की प्रक्रिया जम चुकी है और नए सत्तावादी प्रेस कानून वैसे हैं, जैसे हमें रूस में दिखाई पड़ते हैं."
किंत्सुराश्विली पर सीधे पड़ता दबाव
किंत्सुराश्विली कहती हैं कि वह बढ़ता दबाव महसूस कर रही हैं, "हर दिन, आपको पता चलता है कि सरकार आपको रोकने के लिए कुछ नया खोज रही है."
बीते साल सत्ताधारी दल 'जॉर्जियन ड्रीम पार्टी' ने एक कथित "विदेशी एजेंट्स" बिल पास किया. 2012 से जॉर्जिया में सरकार चला रही इस पार्टी को अक्सर मॉस्को के प्रति दोस्ताना भी करार दिया जाता है.
विदेशी एजेंट बिल के तहत, कम-से-कम 20 फीसदी विदेशी फंडिंग पाने वाले मीडिया हाउस और गैर-सरकारी संगठनों को खुद को आधिकारिक तौर पर "विदेशी प्रभाव वाले एजेंटों" के रूप में रजिस्टर कराना होगा.
ऐसा न करने वालों को जुमार्ने का सामना करना पड़ सकता है. अब इस विधेयक को अपडेट किया गया और जेल की सजा तक का प्रावधान जोड़ा गया है. विधेयक को इस तरह से बदला गया है कि इसके दायरे में एक इंसान को भी लाया जा सकता है.
किंत्सुराश्विली का फाउंडेशन पूरी तरह विदेशी वित्तीय मदद से चलता है. उन्होंने नए एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराने से इनकार किया है, "विधेयक का मकसद हमारे कदमों के प्रति भरोसा कम करने का है." किंत्सुराश्विली कहती हैं, "सही विकल्प चुनने के लिए आपके पास विश्वसनीय सूचना होना जरूरी है. लोकतंत्र इसी तरह काम करता है."
जिस वक्त यह बिल पास हुआ, उस वक्त हजारों लोगों ने इसका विरोध किया. नवंबर 2024 में सरकार के ईयू में शामिल होने की प्रक्रिया को रोकने के फैसले ने आग में घी का काम किया. सालभर पहले ही ईयू ने संघ में जॉर्जिया की दावेदारी को अनुमति दी थी।